राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in



# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 14
अंक : 223
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
मंगलवार 08 जूलाई 2025
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236

मुख्य अपडेट
पेज 3 नोएडा इंटरनेशनल गोल्फ कोर्स बनाने वाली कंपनी होगी ब्लैकलिस्ट
पेज 4 उत्तरप्रदेश में जोरदार बारिश, सड़के हुई जलमग्न, नदीयां उफानर
पेज 6 अब केरल क्रिकेट लीग में खेलते नजर आयेंगे सैमसन

## संक्षिप्त खबरें

### पंजाब में बड़े कपड़ा कारोबारी की हत्या

**अबोहर।** पंजाब के अबोहर में फैशन डिजाइनर और बड़े कपड़ा व्यापारी संजय वर्मा की गोलियां मारकर हत्या कर दी गई। सोमवार सुबह उनके शोरूम न्यू वियरवेल के बाहर गाड़ी से उतरते ही बाइक सवार बदमाशों ने उन पर फायरिंग की। इसके बाद बदमाश एक बाइक छीनकर भाग गए। इस घटना के 2 सीसीटीवी फुटेज सामने आए हैं। पहले फुटेज में बदमाश हत्या से पहले शोरूम के पास एक रेहड़ी के पीछे छुपकर पिस्टल लोड करते हुए दिखाई दे रहे हैं। दूसरे फुटेज में वे हत्या के बाद कुछ दूरी पर बाइक छोड़कर, एक कार में फरार होते हुए दिख रहे हैं। उधर संजय वर्मा पर दिनदहाड़े हुए हमले की सूचना मिलते ही पुलिस टीमें मौके पर पहुंच गईं।

### ठाकरे को भाजपा सांसद निशिकांत की धमकी

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के भाषा विवाद में भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने सोमवार को कहा, आप अपने घर महाराष्ट्र में अगर बहुत बड़े बॉस हो तो चलो बिहार, चलो यूपी, चलो तमिलनाडु, तुमको पटक-पटक कर मारेंगे। उन्होंने न्यूज एजेंसी से कहा, अगर आपमें ज्यादा हिम्मत है, आप हिंदी भाषी को मारते हैं तो उर्दू भाषी, तमिल, तेलुगु को भी मारो। आप ये घटिया हरकत कर रहे हो। भाजपा सांसद दुबे ने यह जवाब राज ठाकरे के उस बयान पर दिया, जिसमें राज ने कहा था- मराठी ना बोलने पर मारो, लेकिन वीडियो मत बनाओ।



### हैप्पी मॉर्निंग

संजू अपनी गर्लफ्रेंड के पिता से मिलने गया
लड़की का पिता- मैं नहीं चाहता कि मेरी बेटी अपनी पूरी जिंदगी एक मूर्ख इंसान के साथ गुज़ारे,
संजू- बस अंकल बस, इसलिए तो मैं उसे यहां से ले जाने आया हूं...



### शायरी

बुलंदी देर तक किस शख़्स के हिस्से में रहती है
बहुत ऊँची इमारत हर घड़ी खतरे में रहती है

### अर्थसार



सेंसेक्स:
83,442.50
+9.61 (0.012%)
निफ्टी:
25,461.30
+0.30

### मौसम



अधिकतम : 35 डिग्री से0
न्यूनतम : 28 डिग्री से0
सूर्योदय बुधवार : 5 : 32
सूर्यास्त मंगलवार : 7 : 23

# पंजाब में सवारियों से भरी बस पलटी, 10 की मौत

## 15 से ज्यादा गंभीर; कार की टक्कर से बेकाबू हुई, जेसीबी से निकालीं लाशें

**होशियारपुर।** पंजाब के होशियारपुर जिले में सोमवार सुबह 10 बजे यात्रियों से भरी एक बस सामने से आ रही कार से टकरा गई। इसके बाद बस बेकाबू होकर बीच सड़क पर ही पलट गई, जिससे 10 लोगों की मौत हो गई। जबकि, 15 से ज्यादा लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

बस में कुल 39 यात्री सवार थे। मरने वालों में मां और बेटी भी शामिल हैं। जिनकी पहचान रज्जू बाला बेटी अशरफ अली और मीना पत्नी अशरफ अली निवासी बुड्ढा मल के रूप में हुई है। यह हादसा दसूहा-हाजीपुर रोड पर अड्डा सगरां के पास हुआ। हादसे के बाद मौके पर मची चीख-पुकार को सुनकर आसपास के लोग मदद के लिए पहुंचे। मौके से घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। इसके बाद 7 से ज्यादा लोगों को गंभीर हालत में अमृतसर रेफर किया गया। बस से घायलों और मृतकों को निकालने के लिए जेसीबी का सहारा लेना पड़ा। जानकारी मिलने के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। डीएसपी का कहना है कि जांच में जो भी फैक्ट सामने आएंगे, उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।



### दसूहा की ओर जाती बस के साथ हादसा

चश्मदीदों के मुताबिक, यह बस दसूहा की ओर जा रही थी। जब बस अड्डा सगरां के पास पहुंची तो सिंगल रोड पर इसकी टक्कर सामने से आ रही कार से हो गई।

बस तेज रफ्तार में थी, इसलिए ड्राइवर इसे कंट्रोल नहीं कर सका और बस थोड़ी आगे जाकर बीच सड़क पर ही पलट गई।

बस के पलटते के साथ ही वह कई मीटर दूर तक वह सड़क पर फिसलती हुई चली गई। इसी के साथ बस में मौजूद सवारियों में चीख पुकार भी मच गई। बस के गिरने की आवाज तेज हुई थी, जिसे सुनकर लोग मौके पर पहुंच गए और राहत कार्य शुरू किया।

लोगों ने बताया कि बस के अंदर से गंभीर रूप से घायल यात्रियों को बाहर निकालने के लिए जेसीबी मशीन की मदद लेनी पड़ी।

साथ ही लाशों को भी जेसीबी से खींचकर निकाला गया। बस के मलबे में कई लोग फंसे हुए थे। इस हादसे सी सूचना पुलिस को भी दी गई। वहीं, कार में सवार लोगों को मामूली चोटें आईं।

### शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेजे गए

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया और हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है। बस के अंदर से सवारियों को निकालने वाले प्रत्यक्षदर्शी ने कहा- मैं घर से बाहर निकालकर फोन पर बात कर रहा था। इस दौरान ये हादसा हो गया। एक दम से आवाज आई, तो सवारियों को बचाने के लिए हम आगे बढ़े। बस के अंदर से महिलाओं और बच्चों की चीखें सुनाई दे रही थीं। किसी तरह रोड पर पलटी हुई बस के अंदर घुसा गया और सवारियों को एक-एक कर बाहर निकाला गया। सवारियों की काफी बुरी हालत थी। कई लोगों की तो मौके पर मौत हो चुकी थी।

### ट्रैफिक जाम



गुरुग्राम में भारी बारिश के बाद दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेसवे पर ट्रैफिक जाम में फंसे वाहन।

## यूपी में क्रिकेटर यश दयाल पर रेप की एफआईआर

गाजियाबाद। आईपीएल चैंपियन आरसीबी के तेज गेंदबाज यश दयाल पर सोमवार की देर शाम रेप की एफआईआर दर्ज हो गई। गाजियाबाद की युवती ने उन पर शादी का वादा कर यौन शोषण का आरोप लगाया था। पीड़ित ने 21 जून को सीएम योगी से शिकायत की थी। गाजियाबाद पुलिस ने एक हफ्ते पहले युवती के बयान दर्ज किए। हालांकि क्रिकेटर यश दयाल ने अभी तक अपना बयान नहीं रिकॉर्ड कराया है। गाजियाबाद के एडिशनल पुलिस कमिश्नर आलोक प्रियदर्शी ने बताया- पीड़ित की शिकायत पर क्रिकेटर यश दयाल के खिलाफ 69 बीएनएस के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। जल्द उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा। पीड़िता का जल्द मेडिकल कराया जाएगा। पीड़ित लड़की ने कहा- मेरी 2019 में सोशल मीडिया पर यश दयाल से बात हुई। इसके बाद इंस्टाग्राम पर बात होने लगी, फिर उसने मुझसे शादी करने की बात कही। फिर कुछ दिन मेरे साथ रिलेशन बनाए। यश ने मेरे साथ शादी करने की बात कहकर बेंगलूरु में मुझे लंबे समय तक साथ रखा। दिल्ली और प्रयागराज भी लेकर गया। मेरे साथ संबंध बनाए।

# बिहार के पूर्णिया में परिवार के 5 लोगों की हत्या की

## डायन बताकर पीट-पीटकर मार डाला; घर से डेढ़ किलोमीटर दूर ले जाकर लाशें जलाई

**पूर्णिया।** बिहार के पूर्णिया में एक ही परिवार के 5 लोगों की हत्या कर दी गई। रविवार रात से सभी लापता थे। सोमवार शाम को सभी की बॉडी मिली।

लाशें घर से डेढ़ किलोमीटर दूर तालाब में मिलीं। जिन्हें जलाने के बाद अलग-अलग बोरों में भरकर जलकुंभियों के बीच छिपाया गया था। सभी शव 80 फीसदी से ज्यादा जल चुके थे।

मृतकों में बाबूलाल उरांव, उनकी पत्नी, मां, बहू और बेटा शामिल है। पुलिस के अनुसार, परिवार झाड़-फूंक करता था। 3 दिन पहले गांव में एक बच्चे की मौत हो गई। गांव वालों ने अंधविश्वास में इस हत्याकांड को अंजाम दिया।

बाबूलाल के बेटे सोनू ने बताया कि मेरे सामने ही पूरे परिवार को मारा गया है। रविवार की रात 10 बजे अचानक 50 लोग घर पर आ गए और मेरी मां सीता देवी को डायन बताकर बांस से पीटने लगे। उन लोगों ने मेरे परिवार को पीट-पीटकर मार डाला।



पुलिस की गिरफ्त में आए आरोपी नकुल ने कहा, मारपीट के बाद डीजल छिड़क कर पांचों को जिंदा जलाया था।

### पुलिस ने 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है

सदर एसडीओपी पंकज शर्मा ने बताया- ये उरांव जाति का गांव है। यहां के 5 सदस्यों के साथ मारपीट कर सभी को जला दिया गया है। जिंदा जलाया है या मरने के बाद इसकी जांच हो रही है। सुबह 5 बजे सोनू ने घटना की जानकारी दी कि मेरे परिवार के लोगों को पीट-पीटकर मारा गया है। लाशों को जलाकर फेंका गया है। इसके बाद पुलिस तुरंत गांव पहुंची। डॉग स्क्वॉड की टीम बुलाई गई। घर से डेढ़ किलोमीटर दूर पांचों लाशों को बरामद कर लिया गया।

इस कांड में पूरे गांव के शामिल होने की बात कही जा रही है। 3 आरोपियों की गिरफ्तारी हुई है। एसआईटी का गठन किया गया है। छापेमारी जारी है।

# गुजरात के नवसारी में पूर्णा नदी में बाढ़ आई

## एमपी में 2 युवक पानी में बहे, छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में फ्लड; लैंडस्लाइड से बद्रीनाथ हाईवे बंद

नई दिल्ली/भोपाल/लखनऊ। गुजरात के नवसारी में पूर्णा नदी उफान पर है। शहर के 15 से ज्यादा निचले इलाकों में 3-4 फीट पानी है। हजारों घरों में पानी भरा है। लोगों का जरूरत का सारा सामान पानी से खराब हुआ।

उत्तराखंड के उत्तरकाशी में तेज बारिश के कारण यमुनोत्री हाईवे पर ओजरी इलाके का पुल नदी में बह गया। जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में तेज बारिश के बाद लैंडस्लाइड से बद्रीनाथ हाईवे बंद हो गया है। छत्तीसगढ़ में पिछले 3



दिनों से जोरदार बारिश हो रही है। बिलासपुर में कई इलाके डूबे हैं। कोरबा जिले में रविवार शाम 17 लोग बाढ़ में फंस गए थे। आज सुबह तक सभी को बचाया गया। इधर, मध्य प्रदेश के मंदसौर में 2 युवक गांधी सागर डैम में डूब गए। कटनी में भी एक युवक बाढ़ में बहा। सीहोर में पार्वती नदी उफान पर है। मंडला में नर्मदा नदी का जलस्तर वॉर्निंग लेबल क्रॉस कर 437.40 मीटर पर पहुंचा है। राजस्थान के 20 से ज्यादा जिलों बारिश जारी है। दौसा में दीवार ढहने से महिला की मौत हुई। झुंझुनूं में बाघोली नदी के तेज बहाव के कारण नेशनल हाईवे-52 को जोड़ने वाली सड़क धंस गई।

वहीं, यूपी के नोएडा में तेज बारिश के कारण निचले इलाकों के घरों में 2 फीट पानी भर गया। बिजनौर में बारिश के कारण स्कूलों की छुट्टी की गई। अयोध्या में सरयू नदी ने वॉर्निंग लेवल पार कर 91.96 मीटर पर बह रही है। हिमाचल प्रदेश में 20 जून से 6 जुलाई के बीच बादल फटने की 19 घटनाएं हुईं। 23 बार बाढ़ और 19 बार लैंडस्लाइड हुए। 269 सड़कें बंद हैं। बारिश से जुड़े हादसों में अब तक 82 लोगों की जान जा चुकी है।

# एमपी में प्रमोशन में आरक्षण पर लगी रोक



## हाईकोर्ट ने कहा-नए नियम लागू नहीं कर सकते; पुराने और नए नियम में फर्क नहीं बता सकी सरकार

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने प्रमोशन में आरक्षण पर फिलहाल रोक लगा दी है। सोमवार को पदोन्नति के नए नियमों को लेकर सुनवाई हुई। कोर्ट ने सरकार से पूछा कि पुराने नियम (2002) और नए नियम (2025) में क्या फर्क है? सरकार इसका कोई साफ जवाब नहीं दे पाई।

इस पर एक्टिंग चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा और जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने कहा कि ऐसी स्थिति में नए नियमों को लागू नहीं किया जा सकता। अब अगली सुनवाई 15 जुलाई (मंगलवार) को होगी। तब तक सरकार नियमों का अंतर समझकर अदालत को बताए।

संघ की ओर से अधिवक्ता सुयश मोहन गुरु ने हाईकोर्ट में दलील दी थी कि यह मामला फिलहाल सुप्रीम कोर्ट में लंबित है, इसलिए सरकार नए नियमों के तहत फिलहाल प्रमोशन में आरक्षण नहीं दे सकती।

### सुप्रीम कोर्ट में मामला लंबित, फिर नए नियम क्यों बनाए?

सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस और जजों की बेंच ने सरकार से यह भी सवाल किया कि जब पदोन्नति का मामला पहले से सुप्रीम कोर्ट में लंबित है, तो फिर सरकार ने नए नियम क्यों बनाए? क्या पहले सुप्रीम कोर्ट से पुराना मामला वापस नहीं लेना चाहिए था?

राज्य सरकार की तरफ से एडवोकेट जनरल पेश हुए, लेकिन वे यह स्पष्ट नहीं कर सके कि 2002 और 2025 के नियमों में असली फर्क क्या है। उन्होंने कहा कि अभी यह पूरी तरह स्पष्ट नहीं है।

कोर्ट ने कहा कि जब तक इस मामले में हाईकोर्ट कोई अंतिम फैसला नहीं देता, तब तक सरकार नए नियमों के आधार पर कोई भी पदोन्नति या संबंधित कार्रवाई नहीं करे।

# अमरनाथ यात्रा- 5वें दिन 24 हजार श्रद्धालुओं ने दर्शन किए

## एक दिन में सबसे ज्यादा; अब तक 93,000 यात्री पहुंचे, छठा जत्था जम्मू से रवाना

**पहलगाम।** अमरनाथ यात्रा के पांचवें दिन 23,857 श्रद्धालुओं ने पवित्र गुफा में हिम शिवलिंग के दर्शन किए। अब तक एक दिन दर्शन करने वालों की यह सबसे बड़ी संख्या है। यात्रा के पहले दिन गुरुवार को 12,348 , शुक्रवार को 14,515, शनिवार को 21,109, रविवार को 21,512 तीर्थयात्री दर्शन के लिए पहुंचे थे। पवित्र अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई को शुरू हुई थी। पहले 5 दिन में ही दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या 93,336 पहुंच गई है। इस बीच



8,605 यात्रियों का छठा जत्था सोमवार को जम्मू से गांदरबल के बालटाल और पहलगाम के नुनवान बेस कैंप के लिए रवाना हुआ। 38 दिन तक चलने वाली यात्रा पहलगाम और बालटाल दोनों रूटों से होगी। यात्रा का समापन 9 अगस्त को रक्षाबंधन के दिन होगा। पिछले साल यात्रा 52 दिन चली थी और 5 लाख श्रद्धालुओं ने पवित्र गुफा के दर्शन किए थे।

## एमपी में फर्जी कार्डियोलॉजिस्ट से 7 मौतें

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के दमोह के मिशन अस्पताल में फर्जी कार्डियोलाजिस्ट द्वारा सर्जरी से सात रोगियों की मौत के बाद राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग ने देशभर के कैथ लैब में काम करने वाले डॉक्टरों का सत्यापन कराने के लिए कहा है। आयोग ने केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव को इस संबंध में निर्देश दिए हैं। राज्य सरकार से भी यह जांच करने के लिए कहा है। साथ ही सभी राज्य सरकारों को आयुष्मान भारत योजना के क्रियान्वयन की जांच करने की अनुशंसा की है। सातों मृतकों के स्वजन को 10-10 लाख रुपये सहायता राशि और डॉक्टर एवं अस्पताल प्रबंधन के विरुद्ध विभिन्न मामलों में अलग-अलग एफआईआर की अनुशंसा एनएसआरसी ने राज्य सरकार से की है। आयोग ने आयकर आयुक्त और मध्य प्रदेश आर्थिक प्रकोष्ठ से आयुष्मान भारत योजना के दुरुपयोग के मामले में जांच कराने के लिए भी कहा है। बता दें, अस्पताल में डॉ. नरेन्द्र यादव उर्फ एन. जान कैम ने लंदन का कार्डियोलाजिस्ट बनकर कई लोगों के दिल की सर्जरी की थी, जिनमें सात लोगों की मौत हो गई थी।

जाति जनगणना

## लोग खुद भी भर सकेंगे डेटा; 9 महीने में नतीजे आएंगे, पहले 18 महीने लगते थे

# देश में पहली बार जनगणना-जातीय गिनती ऑनलाइन होगी

**नई दिल्ली।** देश में 2027 में होने वाली 16वीं जनगणना ऑनलाइन होगी। जनगणना महापंजीयक कार्यालय के अनुसार, जातीय गिनती और जनगणना पहली बार डिजिटल प्लेटफार्म से होगी। इसके लिए विशेष वेब पोर्टल शुरू होगा। इस पर नागरिक खुद जानकारी भर सकते हैं।

नतीजे भी पहले की 15 जनगणनाओं से कम समय में मिल जाएंगे। 16वीं जनगणना के आंकड़े केवल 9 महीने में आने की उम्मीद है। इसमें जातीय गणना भी शामिल होगी। पहले नतीजे आने में 18 महीने लगते थे।

जनगणना महापंजीयक कार्यालय ने बताया, डिजिटल सेंसस से डेटा जुटाने और इसे सेंट्रल सर्वर तक सीधे भेजने में आसानी होगी। गिनती का काम मार्च 2027 तक पूरा होगा। अप्रैल से दिसंबर 2027 तक डेटा प्रोसेसिंग, पुष्टि और विश्लेषण होगा। उम्मीद है कि 9 महीने में यानी दिसंबर 2027 में नतीजे सार्वजनिक कर दिए जाएंगे।



### 1 जनवरी 26 से मार्च 2027 तक प्रशासनिक सीमाएं फ्रीज रहेंगी

जनणगना कार्यालय के अनुसार, वेब पोर्टल पर स्वगणना का विकल्प उपलब्ध रहेगा। मोबाइल एप के जरिए हिंदी, अंग्रेजी समेत 16 भाषाओं में डेटा एकत्र किया जाएगा। विशेष वेब पोर्टल मकान सूचीकरण, आवास जनगणना (एचएलओ) तथा जनसंख्या गणना के लिए भी होगा।

भारत के महापंजीयक ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से कहा है कि वे प्रशासनिक इकाइयों की सीमाओं में 31 दिसंबर से पहले बदलाव कर लें। यही अंतिम माना जाएगा।

सभी राज्यों में प्रशासनिक सीमाएं 1 जनवरी 2026 से फ्रीज की जाएंगी। यानी इसके बाद राज्य जिलों, प्रखंडों की सीमाएं या नाम नहीं बदल पाएंगे। जनगणना की पूरी अवधि यानी मार्च 2027 तक सीमाएं जस की तस रहेंगी। 34 लाख गणनाकर्मी तैनात होंगे। तीन स्तरीय ट्रेनिंग होगी। नेशनल ट्रेनर, मास्टर ट्रेनर और फील्ड ट्रेनर लगाए जाएंगे।

### जनगणना का ज्यादातर काम पेपरलेस होगा

मोबाइल एप, पोर्टल और रियल टाइम डेटा ट्रांसफर से जनगणना बहुत हद तक पेपरलेस होगी। कागज पर लिखी जानकारी पढ़ने के लिए एआई आधारित इंटेलीजेंट कैरेक्टर रिकगनीशन टूल्स होंगे। जीपीएस टैगिंग और प्री-कोडेड ड्रॉपडाउन मैन्यू की व्यवस्था में गलती की गुंजाइश नहीं रहेगी। आम लोगों की मदद के लिए राष्ट्रव्यापी प्रचार होगा।

## संपादकीय

# भीड़ की ताली से बनी तानाशाही, और फिर वही भीड़ बन गई जल्लाद



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

'तानाशाही वह चिता है, जो ताली बजाते हुए तैयार होती है — और अंत में तानाशाह उसी में जलता है।'
बीसवीं सदी का इतिहास तीन ऐसे पात्रों का साक्षी बना,
जिन्होंने राष्ट्रवाद को झूठ की चादर में लपेटा,
जनता के विवेक को आस्था में बदला
और लोकतंत्र की लाश पर सत्ता की माला पहन ली।
एडॉल्फ हिटलर, बेनीटो मुसोलिनी और जोसेफ गोयबल्स —
ये सिर्फ तानाशाह नहीं थे,
ये थे तानाशाही के कर्ण, अर्जुन और सारथी।

- एक ने झूठ के शस्त्र से युद्ध लड़ा,
- दूसरे ने संविधान और मानवता को रौंदा,
- और तीसरे ने मीडिया को प्रचार का हथियार बना डाला।

### लोकतंत्र के वध में इनका धर्म क्या था?

हिटलर ने Mein Kampf में लिखा —
'जनता को बार-बार एक झूठ बोलो, वे उसे सच मान लेंगे।'

### मुसोलिनी ने कहा —

लोकतंत्र धीमा ज़हर है, हमें फासीवाद चाहिए।
जोसेफ गोयबल्स, हिटलर का सूचना और प्रचार मंत्री, 'अगर आप एक बड़ा झूठ बार-बार दोहराते हैं, तो लोग उसे सच मानने लगते हैं।'

इन तीनों ने दुनिया को दिखाया कि —
भीड़ को भक्त बनाना आसान है, पर उन्हें नागरिक बनाए रखना सबसे कठिन।
जब 'भगवान' की तरह पूजे गए तानाशाह, चौराहों पर लटकाए गए

### मुसोलिनी का अंत

'Il Duce' — यानी 'महान नेता' —
जिसे कभी ईश्वर समान माना गया,
जिसके लिए लाखों लोगों ने ताली बजाई —
उसी की लाश उसकी प्रेमिका क्लारा पेटाची के साथ
मिलान के एक चौराहे पर उल्टी लटकाई गई।
वही जनता जिसने कभी सिर झुकाया था,
उसने ही जूते मारे, थूका और गालियाँ दीं।

### हिटलर का अंत

मुसोलिनी की मौत के दो दिन बाद,
हिटलर ने बर्लिन के बंकर में अपनी प्रेमिका एवा ब्राउन के साथ आत्महत्या कर ली।
वह जानता था —
तानाशाह की मौत हार नहीं होती,
बल्कि इतिहास का न्याय होती है।

### गोयबल्स : तानाशाही का सबसे खतरनाक चेहरा

जोसेफ गोयबल्स, नाज़ी प्रचार मंत्री —
उसने मीडिया को नफ़रत और झूठ की प्रयोगशाला बना दिया।
* अख़बार, रेडियो, फिल्म, भाषण — सब को 'प्रचार' बना दिया।
* उसने पत्रकारिता का गला घोंटा और हिटलर को मसीहा बना दिया।
* उसने जनता की आँखों में भ्रम और नफ़रत का सुरमा भर दिया।
आज जब कोई सरकार मीडिया को खरीद ले,
जब हर न्यूज़ एंकर सत्ता का प्रवक्ता लगे —
तो समझिए गोयबल्स की आत्मा फिर लौट आई है।

### तानाशाही आज भी लौट रही है — नए नामों, नए चेहरों में

आज फिर नेता उभर रहे हैं जो :
* कहते हैं — 'मैं ही देश हूँ'
* लोकतंत्र के सवालों को देशद्रोह कहते हैं
* मीडिया को गोदी मीडिया में बदल चुके हैं
* और जनता को आस्थावान से अंधभक्त बना चुके हैं
वही शैली, वही दंभ, वही चुप्पी —
बस फ़र्क इतना है कि
अब झूठ रंगीन एचडी में आता है,
और 'न्याय' WhatsApp यूनिवर्सिटी से निकलता है।

### इतिहास की गूंज : हर तानाशाह अभिशप्त है

हिटलर, मुसोलिनी और गोयबल्स का अंत
सिर्फ तीन व्यक्तियों की मौत नहीं थी —
वह था तानाशाही विचारधारा का दहन।
'जब सत्ता धर्महीन हो जाती है,
तो उसका रथ अंतत: इतिहास की धूल में मिल जाता है।'

**निष्कर्ष : लोकतंत्र तब तक जीवित है, जब तक जनता ज़िंदा सोच रखती है**

तानाशाह मिट जाते हैं,
लेकिन उनका तरीका, उनका झूठ, उनका ढाँचा —
बार-बार लौटता है।
प्रश्न करना देशभक्ति है।
भक्ति में विवेक खो देना तानाशाही की पहली सीढ़ी है।
यदि लोकतंत्र को बचाना है —
तो जनता को 'कर्ण-अर्जुन' के मोह से बाहर आना होगा,
और दुर्योधन की सत्ता पर
निर्भय होकर प्रश्न उठाने होंगे।




# बिहार की कानून व्यवस्था और 243 सीटों को लेकर चिराग पासवान के बोल- सिर्फ बयान या भविष्य की राजनीति का संकेत ?

संतोष कुमार पाठक

**चिराग पासवान के विरोधाभासी बयानों ने बिहार की राजनीति को उलझा दिया है। जरा उनके और उनके बहनोई एवं लोकसभा सांसद अरुण भारती के कुछ बयानों पर नजर डालिए। एक तरफ जहां चिराग कह रहे हैं कि बिहार में मुख्यमंत्री की कुर्सी खाली नहीं है तो दूसरी तरफ वह खुद विधानसभा चुनाव लड़ने का ऐलान कर चुके हैं।**



बिहार में राजद नेता तेजस्वी यादव से लेकर विपक्षी गठबंधन में शामिल तमाम राजनीतिक दल राज्य की कानून व्यवस्था की स्थिति को लेकर नीतीश कुमार की सरकार पर जमकर निशाना साध रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ बिहार की जनता को लालू यादव-राबड़ी देवी के जंगलराज की लगातार याद दिला रहे जेडीयू और भाजपा के नेता सरकार के पक्ष में तर्क दे रहे हैं।

लेकिन एनडीए गठबंधन में शामिल और केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार में मंत्री चिराग पासवान के बयान ने एनडीए गठबंधन में खासकर जेडीयू नेताओं में खलबली मचा दी है। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के मुखिया एवं केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने बिहार की राजधानी पटना के पॉश इलाके में एक बड़े कारोबारी गोपाल खेमका की हत्या को लेकर अपनी ही गठबंधन सरकार पर जमकर निशाना साधा है। चिराग पासवान ने बहुत ही तल्ख अंदाज में इस हत्या को चिंताजनक बताते हुए कहा कि यह हत्याकांड इस बात का संकेत है कि बिहार में कानून-व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है। चिराग की पार्टी ने उनके बयान के वीडियो को सोशल मीडिया पर शेयर भी किया। चिराग ने नीतीश सरकार पर सीधा-सीधा हमला बोलते हुए कहा, जिस तरह से बिहार में अपराध बढ़ा है और कानून-व्यवस्था जिस तरह से ध्वस्त हुई है, यह चिंता का विषय है। मैं केवल एक व्यापारी की हत्या को लेकर नहीं कह रहा हूं हालांकि यह भी चिंता का विषय है क्योंकि ऐसी जगह पर यह घटना घटी है जो पटना का एक पॉश इलाका है। 100 मीटर की दूरी पर जहां थाना है और अधिकारियों के घर हैं। यदि यहां पर ऐसी घटना घट रही है तो सोचिए गांव-देहात में क्या हो रहा होगा ? अगर बिहार में एक भी हत्या होती है तो सरकार और प्रशासन के लिए चिंता का विषय होना चाहिए। कहां चूक हुई है, इसे हमें सुधारना होगा और कड़ी से कड़ी कार्रवाई करके हमें एक उदाहरण देना होगा ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं ना घटे। चिराग पासवान का यह बयान विपक्षी नेताओं के बयानों को और ज्यादा मजबूती देता हुआ नजर आता है कि लालू-राबड़ी के जंगलराज की बात करने वाले नीतीश कुमार बिहार की कानून व्यवस्था को नहीं संभाल पा रहे हैं,अपराधी बेखौफ हो चुके हैं और सुशासन पूरी तरह से ध्वस्त हो चुका है।

ऐसे में सबसे बड़ा सवाल तो यही खड़ा हो रहा है कि आखिर केंद्र सरकार में मंत्री चिराग पासवान के बयान के मायने क्या है ? वह चाहते क्या हैं ? यह कोई पहला मौका नहीं है जब चिराग पासवान ने अपने बयान से बिहार की नीतीश सरकार के लिए असहज स्थिति पैदा की हो। इससे पहले भी वो लगातार कई मौकों पर बिहार की कानून व्यवस्था को ध्वस्त बता चुके हैं।

बिहार में इसी वर्ष अक्टूबर-नवंबर में होने वाले संभावित विधानसभा चुनाव को लेकर भी चिराग पासवान ने एनडीए गठबंधन के सामने दुविधा की स्थिति पैदा कर रखी है।

एक तरफ वह केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आधिकारिक आवास पर सीट बंटवारे को लेकर हुई बैठक में शामिल होते हैं, लगातार एनडीए गठबंधन को चुनाव में विजयी बनाने की बात करते हैं, बिहार में मुख्यमंत्री की कुर्सी खाली नहीं होने की बात कहते हैं तो वहीं दूसरी तरफ बिहार की सभी 243 सीटों पर चुनाव लड़ने की घोषणा करते हैं।

चिराग पासवान के विरोधाभासी बयानों ने बिहार की राजनीति को उलझा दिया है। जरा उनके और उनके बहनोई एवं लोकसभा सांसद अरुण भारती के कुछ बयानों पर नजर डालिए।

एक तरफ जहां चिराग कह रहे हैं कि बिहार में मुख्यमंत्री की कुर्सी खाली नहीं है तो दूसरी तरफ वह खुद विधानसभा चुनाव लड़ने का ऐलान कर चुके हैं।

इतना ही नहीं वह बिहार को विकसित बिहार बनाने के लिए बिहार जाने की बात कर रहे हैं। छपरा में एक बार फिर उन्होंने विधानसभा चुनाव लड़ने की बात को दोहराते हुए कहा कि, आज सारण की इस पावन धरती से, आप सबके सामने मैं यह कहकर जा रहा हूं कि हां, मैं चुनाव लड़ूंगा। मैं चुनाव लड़ूंगा बिहारियों के लिए, अपने भाइयों के लिए, अपनी माताओं के लिए, अपनी बहनों के लिए और बिहार में एक ऐसी व्यवस्था तैयार करेंगे, एक ऐसा बिहार बनाएंगे जो सही मायनों में प्रदेश को विकास की राह पर आगे ले जाएगा।


इससे पहले उनके बहनोई एवं लोकसभा सांसद अरुण भारती एक वीडियो जारी कर चिराग पासवान के शाहाबाद क्षेत्र से चुनाव लड़ने का संकेत दे चुके हैं। अरुण भारती को चिराग पासवान ने पार्टी का चीफ व्हिप भी बनाया हुआ है और वह लगातार यह भी बयान दे रहे हैं कि बिहार चिराग पासवान को बुला रहा है। ऐसे में सवाल यह खड़ा हो रहा है कि अगर बिहार एनडीए गठबंधन में शामिल चिराग पासवान को बुला रहा है ( बकौल लोजपा नेता) तो फिर नीतीश कुमार कहां जाएंगे ? और अगर बिहार में मुख्यमंत्री की कुर्सी खाली नहीं है (जैसा कि चिराग पासवान ने स्वयं कई बार कहा है) तो क्या वह केंद्र की मोदी सरकार में मंत्री का पद और सांसदी सिर्फ एक विधायक बनने के लिए छोड़ेंगे ? उनकी पार्टी को एनडीए गठबंधन में किसी भी सूरत में 30 से ज्यादा सीटें नहीं मिलने वाली है, यह जानने के बावजूद एक तरफ जहां चिराग पासवान बिहार की सभी 243 सीटों पर लड़ने का दावा कर रहे हैं तो साथ ही एनडीए गठबंधन को जीत दिलाने की भी बात कह रहे हैं।

साफ जाहिर हो रहा है कि चिराग पासवान बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर या तो स्वयं कंफ्यूज हैं या फिर अंतिम समय तक बीजेपी और जेडीयू को दुविधा में रखना चाहते हैं। क्योंकि अगर गठबंधन में सिर्फ ज्यादा से ज्यादा सीटें हासिल करने के लिए वह इस तरह का विरोधाभासी बयान दे रहे हैं तो फिर लॉन्ग टर्म में इसका खामियाजा उन्हें ही उठाना पड़ सकता है।

लेकिन चिराग ने अपने बयानों से बिहार में ऐसे हालात जरूर पैदा कर दिए हैं कि उनके सहयोगी उन्हें शंका और विरोधी उम्मीद की नजरों से देख रहे हैं।


# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3583




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:




### काकुरो -3582 का हल



## हंसी के फूव्वारें

जज ने अभियुक्त से कहा-'तुम पर मोटर तेज चलाने का इल्जाम है. क्या तुम अपना इल्जाम स्वीकार करते हो?'

'जी हां, मीलार्ड, मगर ?'

'मैंने कोई अपराध नहीं किया.' अभियुक्त सफाई देते हुए बोला-'मेरी मोटर के ब्रेक खराब थे,इसलिये मैंने सोचा कि जल्दी से घर पहुँच जाऊं. कहीं ऐसा न हो कि कोई एक्सीडेंट हो जाए !'

□ □ □

एक सेठ बीमार पड़ गया.

डाक्टरों ने उसे राय दी कि वह विदेश जाकर दवा कराये तो उसने अपने मुंशी से पूछा-'मुंशी जी ! विदेश जाकर दवा कराने में कितना खर्च होगा ?'

'लगभग बीस हजार !'

'और क्रिया-कर्म में ?'

'लगभग पांच हजार !'

'तो फिर इलाज से मरना ही ज्यादा फायदेमंद रहेगा.' सेठ ने ठण्डी सांस लेते हुए कहा.

□ □ □

रमेश ने महेश से पूछा-'जब सेब पेड़ से नीचे गिरा तो न्यूटन को बहुत आश्चर्य हुआ.'


महेश-'पागल था वह ?'

रमेश-'वह कैसे ?'

महेश-'आश्चर्य की बात तो तब होती जब सेब नीचे से ऊपर जाता.'

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली- 3584



**बायें से दायें:-**

१. सनी, रजनीकांत, श्रीदेवी की फिल्म-४
३. किरणकुमार, राधा सलूजा की 'दिल का नजराना ले ओ' गीत वाली फिल्म-३
६. 'आजा रे अब मेरा दिल पुकारा' गीत वाली राज कपूर, नर्गिस की फिल्म-२
७. राजेंद्रकुमार, शर्मिला की 'खाई है रेहमने कसम संग रहने' गीत वाली फिल्म-३
९. करण दीवान, स्वर्णलता की सुपरहिट फिल्म-३
११. गुरूदत्त, वहीदा की फिल्म-२
१२. फिल्म 'जीत' में सलमान का नाम-२
१३. अजय, सोनाली की 'तुम आए तो आया मुझे याद' गीत वाली फिल्म-२
१५. 'क्यूं मेरा दिल' गीत वाली करणनाथ, मनीषा, नतान्या सिंह की फिल्म-२
१६. सनी देओल, सुष्मिता की 'मैं अपना नाम भूला' गीत वाली फिल्म-२
१८. अजय, आफजाब, विवेक, रितेश, लारा, अमृताराव की फिल्म-२
१९. 'दिल जंगली कबूतर' गीत वाली फिल्म-३
२०. सचिन खेडेकर, तब्बू, स्मिता की अंडरवर्ल्ड पर बनी एक फिल्म-३
२१. 'फूलों से जो खुशबू आए' गीत वाली प्रशांत, ऐश्वर्या की फिल्म-३
२२. अक्षयकुमार, रवीना की 'क्यूं आँचल हमारा गिरा जा' गीत वाली फिल्म-२
२३. राजकुमार, शशि, साधना की फिल्म-२
२४. 'परदेसी तो हैं' गीत वाली फिल्म-३
२९. 'दिल मेरे ना और इंतजार कर' गीत वाली शाहिद, करीना की फिल्म-२
३०. फिल्म 'रंगदे बसंती' के संगीतकार कौन थे ?-४
३१. 'दिल है छोटा सा छोटी सी आशा' गीत वाली फिल्म-२
३२. अभिषेक, उदय, जॉन, ईशा, रिमी सेन की फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. नसीर, शाहरूख, रीनाराय की फिल्म-३
२. 'एक लड़की हो गई राजी' गीत वाली राहुल राय, शीबा की फिल्म-३
३. जीतेंद्र, विश्वजीत, मुमताज की 'हमें तुमसे तुम्हें हमसे' गीत वाली फिल्म-३
४. 'एक हसीना थी एक' गीत वाली ऋषिकपूर, टीना मुनीम की फिल्म-२
५. किशोरकुमार, माला की 'प्यार का जहाँ हो छोटा सा' गीत वाली फिल्म-४
६. 'बेदर्दी बालमा तुझको मेरा मन' गीत वाली फिल्म-३
८. राज बब्बर, राजीव कपूर, डिम्पल की 'जीने दे ये दुनिया' गीत वाली फिल्म-२
१०. 'अली अली मैं जोगन बन गई' गीत वाली अष्मित पटेल, मीरा की फिल्म-३
१२. सुनीलदत्त, रेखा की 'हाय मेरी मजबूर जवानी' गीत वाली फिल्म-२,३
१४. 'उंगली में अंगूठी' गीत वाली सनी, अनिल कपूर, श्रीदेवी की फिल्म-२,४
१६. गोविंदा, आदित्य, नीलम, मंदाकिनी की अजय कश्यप निर्देशित फिल्म-४
१७. 'सगरे जगत का इक' गीत वाली अमिताभ, हेमा मालिनी की फिल्म-३
२५. राजेश खन्ना, पूनम ढिल्लों की 'ऐसी हसीन चाँदनी' गीत वाली फिल्म-२
२६. 'पर्दे में कोई बैठा है' गीत वाली फिल्म-२
२७. 'तू सामने जब आता है' गीत वाली फिल्म-३
२८. फिल्म 'मेहबूबा' में नायिका कौन थी-२
२९. रितिक रोशन, करिश्मा की फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 3583



## सूडोकु -3584

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | | 3 | | 8 | 9 | | 7 |
| | 1 | | 9 | | 6 | | 5 | 4 |
| | | | | | | 8 | | |
| | 4 | | 5 | | | | 8 | |
| 2 | | 5 | | 4 | | 6 | | 1 |
| | 3 | | | | 1 | | 7 | |
| | | 3 | | | | | | |
| 5 | 9 | | 7 | | 2 | | 6 | |
| 7 | | 6 | 4 | | 3 | | 9 | 2 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3583 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 2 | 3 | 8 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 5 | 7 | 3 | 4 |
| 3 | 9 | 4 | 1 | 6 | 7 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 9 |
| 4 | 8 | 6 | 5 | 9 | 2 | 3 | 7 | 1 |
| 1 | 3 | 9 | 6 | 7 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 4 | 5 | 8 | 3 | 6 | 2 | 1 | 7 |
| 7 | 1 | 8 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 | 3 |

## शब्द पहेली -3584



**बाएँ से दाएँ**

1.जानकारी-4
4.मांसाहार का उलट-4
8.'जुम्मा चुम्मा दे दे' गीत वाली फिल्म-2
9.कायाकल्प-5
10.पिता के छोटे भाई-2
13.कहानी लिखने वाला-5
15.नाम रखना-5
17.बेवक्त,अकाल-5
20.प्रयास,कोशिश-5
23.टोंटी,नलका-2
24.कामदेव,पुष्कर-2,3
25.डर,भय-4
28.शोर-शराबा-4
29.बेवफा,व्यभिचारी-4

**ऊपर से नीचे**

2.बिंदु,बिंदी,शून्य-2
3.गोलाकार-3
4.सम्मिलित होना-3,2
5.घाटा,नुकसान-2
6.मूर्ख,बेवकूफ-4
7.बिना कारण,बेवजह-4
11.राजा की पत्नी-2
12.वहम,संदेह-2
14.दुर्घटना-3
16.खाना बनाने की जगह,किचन-3
17.एकाएक, सहसा-4
18.अलमस्त-2
19.कमल ककड़ी, कमल डंडी-3,2
20.आरामदायी-5
21.सम्मान-2
22.भलमानसता-4
26.सद्,अच्छा-2
27.मृत्यु, प्रारब्ध, न्याय निर्णय-2

### शब्द पहेली -3583 का हल



# नोएडा इंटरनेशनल गोल्फ कोर्स बनाने वाली कंपनी होगी ब्लैकलिस्ट

**निर्माण का पैसा निजी काम में खर्च किया, प्राधिकरण एफआईआर दर्ज कराएगा**

**नोएडा।** सेक्टर-151ए में नोएडा इंटरनेशनल गोल्फ कोर्स का 65 प्रतिशत काम पूरा हो सका है। कंस्ट्रक्शन कंपनी कश्यपी इन्फ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड को दो बार पेमेंट करने के बाद भी काम पूरा नहीं किया गया। प्राधिकरण अब कंस्ट्रक्शन कंपनी कश्यपी इन्फ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड को ब्लैक लिस्ट करने जा रही है।

कंपनी पर आरोप है कि प्राधिकरण ने उसे जो पैसा दिया उसने कंस्ट्रक्शन करने की बजाय निजी काम में इस्तेमाल किया। ऐसे में प्राधिकरण कंपनी के खिलाफ एफआईआर भी करवा रहा है। इसके निर्माण के लिए अब नई कंपनी का चयन किया जाएगा। जल्द ही आरएफपी जारी की जाएगी।

### कंपनी ने गोल्फ कोर्स का निर्माण 2021 में शुरू किया था

प्राधिकरण ने बताया कि कंपनी ने गोल्फ कोर्स का निर्माण 2021 में शुरू किया। उसे दो साल में निर्माण पूरा करना था। अब तक महज 65 प्रतिशत काम पूरा किया जा सका। सोमवार को प्राधिकरण के अधिकारियों ने गोल्फ कोर्स का जायजा लिया। इसके बाद कंपनी को ब्लैक लिस्ट करने और एफआईआर कराने के निर्देश दिए गए। साथ कंपनी द्वारा प्राधिकरण में जमा ईएमडी को भी जब्त कर लिया जाएगा।



नोएडा के निर्माणाधीन गोल्फ कोर्स का निरीक्षण करते प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम।

### अभी नहीं खुली मैंबरशिप

गोल्फ कोर्स में एक हजार सदस्य बनने के बाद मैंबरशिप को बंद कर दिया गया था। इसका निर्माण इसी मैंबरशिप के पैसों पर किया जा रहा है। निर्माण पूरा नहीं होने मैंबरशिप को रि ओपन नहीं किया गया है। बताया गया कि अब भी करीब 2.5 हेक्टेयर जमीन किसानों ने नहीं दी है। इस जमीन को आपसी सहमति के आधार पर लेने का प्रयास किया जा रहा है।

### दो बार जारी की किस्त फिर भी निर्माण नहीं

नोएडा प्राधिकरण ने निर्माण कंपनी को दो किस्त जारी की। पहली किस्त 25 लाख रुपए और दूसरी किस्त 47 लाख रुपए कंपनी को रीलीज किए है। लेकिन कंपनी ने निर्माण कार्य नहीं किया। बल्कि इन पैसों का प्रयोग निजी कार्यों में किया। ऐसे में प्राधिकरण कंपनी के खिलाफ एफआईआर कराने जा रही है। बता दे परियोजना जुलाई 2021 में शुरू की गई। इसका 68 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। जून 2025 में इसका निर्माण पूरा किया जाना है। जमीन नहीं मिलने की वजह से योजना में करीब 11 करोड़ रुपए का वेरिएशन किया गया। अब इसकी लागत 140 करोड़ हो चुकी है।

इसमें 107 करोड़ से सिविल वर्क किया जाएगा। 20 करोड़ से इलेक्ट्रिकल वर्क और 12 करोड़ की लागत से उद्यानिकी काम होगा।

**113 एकड़ में बन रहा गोल्फ कोर्स**

94.369 एकड़ में गोल्फ एरिया
6.895 एकड़ में क्लब और पार्किंग एरिया
7.910 एकड़ में ड्राइविंग रेंज एरिया
4.702 एकड़ में एनटी लाइन एरिया
9.289 एकड़ में हेलीपोर्ट
4.614 एकड़ में हेलीपोर्ट एप्रोच रोड एरिया बनाया जा रहा है।

# हल्की बारिश में ही सेक्टर 36 के बेसमेंट में जलभराव, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की लापरवाही उजागर

**विशाल इंडिया संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा ।** वर्क सर्किल-5 स्थित सेक्टर 36 के एक रिहायशी भवन के बेसमेंट में सिर्फ हल्की सी बारिश में ही पानी भर गया, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थानीय निवासियों ने बताया कि यह कोई पहली घटना नहीं है — हर बार मामूली बारिश होते ही बेसमेंट में पानी घुस जाता है।

**[ वीडियो में साफ़ देखा जा सकता है कि पूरा बेसमेंट पानी से लबालब भरा है।**







### प्रमुख बिंदु

- ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की सीवर और ड्रेनेज व्यवस्था पर सवाल।
- रहवासियों की गाड़ियाँ और स्टोर किया हुआ सामान पानी में डूब गया।
- जल निकासी के लिए कोई फौरन व्यवस्था नहीं की गई।
- प्राधिकरण द्वारा बार-बार की शिकायतों के बावजूद समस्या बनी हुई है।

### स्थानीय लोगों का आरोप

'हमने कई बार शिकायत की लेकिन प्राधिकरण सुनता नहीं। इतनी महंगी कॉलोनियों में अगर हल्की बारिश में ही बेसमेंट डूबने लगे, तो यह व्यवस्थाओं की पोल खोलता है।'

### प्राधिकरण की चुप्पी

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की ओर से इस खबर लिखे जाने तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई थी।

### संपादकीय टिप्पणी

एक स्मार्ट सिटी का दावा करने वाले ग्रेटर नोएडा में अगर मामूली बारिश भी आपदा का रूप ले ले, तो यह बुनियादी इंफ्रास्ट्रक्चर की गंभीर विफलता है। सवाल यह है कि जब मॉनसून की असली बारिश शुरू होगी, तब क्या हालात होंगे ?

# नोएडा में महिला से ठगे 12.75 लाख

## निवेश में मुनाफा का दिया था झांसा, वॉट्सऐप ग्रुप से जोड़कर की ठगी

**एजेंसी**

**नोएडा।** शेयर ट्रेडिंग कर पांच से तीस प्रतिशत तक मुनाफा कमाने का झांसा देकर साइबर जालसाजों ने एक महिला के साथ 12 लाख 75 हजार रुपए की ठगी कर ली। इस मामले में महिला ने तथाकथित श्रुति सिंधवानी के खिलाफ साइबर क्राइम थाने में केस दर्ज कराया है। जिन खातों में ठगी की रकम ट्रांसफर हुई है, पुलिस उन खातों की जानकारी जुटा रही है।

### वॉट्सऐप ग्रुप से जोड़ा गया

सेक्टर-28 के यमुना एन्क्लेव में रहने वाली रजिता कूपर ने पुलिस से शिकायत की। उन्होंने बताया- मैंने 25 अप्रैल को डिमैट और ट्रेडिंग अकाउंट खोले थे। मैं इस प्लेटफॉर्म पर नई थी। मैं छोटे-छोटे कारोबार में ट्रेडिंग कर रही थी।

कुछ दिन बाद सोशल मीडिया के जरिए एक व्यक्ति ने संपर्क किया। और मुझे ट्रेडिंग के बारे में काफी जानकारी दी। उसने कहा- शेयर ट्रेडिंग कर रोजाना अच्छा मुनाफा कमाया जा सकता है। मैंने उसकी बातों को दरकिनार कर दिया लेकिन उसने मुझे एक वॉट्सऐप ग्रुप पर जोड़ दिया।

### निवेश से पहले दिया प्रशिक्षण

ग्रुप पर ऐसी कंपनियों के बारे में जानकारी साझा की जा रही थी, जहां निवेश करने या ट्रेडिंग करने पर मुनाफा होता है।

महिला को आखिर ठग ने ट्रेडिंग के लिए राजी कर लिया। इसके बाद उसे एक अन्य ग्रुप में जोड़ा गया। इसमें एक व्यक्ति जो खुद को प्रोफेसर बताता था वह निवेश संबंधी प्रशिक्षण देने लगा। यह सिलसिला कई दिन तक चला। ग्रुप में कथित प्रोफेसर द्वारा बताया जाता था कि अगर उसकी बताई गई कंपनी में निवेश किया गया तो मुनाफा पक्का होगा।

इसके पीछे का कारण उसने कुछ नामी कंपनियों से सीक्रेट टाईअप होना बताया।

# नोएडा के सेक्टर-100 के पास सड़क धंसी

**नोएडा।** नोएडा में सीवरेज से सेक्टर-100 पाथ वे स्कूल के सामने की रोड धंस गई। यहां करीब 5 फीट गहरा और 8 फीट लंबा गढ्ढा हो गया। गढ्ढा जिस स्थान पर हुआ वहां एक पाइप लाइन भी है।

कयास लगाए जा रहे है सीवरेज या पानी की लाइन लीक होने की वजह से सड़क में नीचे से मिट्टी कटान हुआ और सड़क धंस गई।

अधिकारियों ने बताया कि ये डेनेज पुराना है। इसकी रिपेयरिंग का काम शुरू किया गया है। साथ ही यहां ग्रीन शीट लगा दी गई है। इसकी रिपेयरिंग का काम दो दिन में पूरा किया जाएगा। नोएडा की सेक्टर-100 की रोड काफी बिजी सड़क है। गनीमत रही कि सड़क धंसने के दौरान यहां से कोई वाहन नहीं जा रहा था। अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। बता दे इससे पहले भी सेक्टर-50 में ओवरसीज बैंक के सामने सड़क धंस गई थी।

यहां भी करीब 10 फीट बड़ा गढ्ढा हुआ था। नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम ने बताया कि ये डैमेज पुराना है। इसकी रिपेयरिंग का काम किया जा रहा है। जल्द ही सड़क को स्मूद कर दिया जाएगा।

# पार्क के अंदर फव्वारे के पानी में मासूम डूबा, मौत

## ग्रेटर नोएडा में माता-पिता 200 मीटर दूर थे, खेल-खेल में नहाने लगा

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा में पार्क के अंदर 6 साल के बच्चे की डूबकर मौत हो गई। पार्क के फव्वारे में बारिश का पानी भरा था। बच्चा खेलते-खेलते उसमें गिर गया और डूबकर उसकी मौत हो गई। माता-पिता जब वहां पहुंचे तो बेटे की लाश पानी में उतराती दिखी।

दरअसल, बच्चे के पिता पार्क में ही प्रेस की दुकान लगाते हैं। माता-पिता अपने काम में व्यस्त थे। बच्चा उनके पास में ही खेल रहा था। तभी उसका नहाने का मन हुआ। वह फव्वारे के गहरे पानी में उतर गया। डूबने लगा तो चीखने चिल्लाने लगा।



हाथ-पैर मारा, काफी देर तक माता-पिता को आवाज दी। लेकिन कोई उसकी आवाज नहीं सुन पाया। माता-पिता उससे करीब 200 मीटर की दूरी पर थे। हादसा सोमवार को सेक्टर-पी 3 स्थित डी-पार्क में हुआ।

### माता-पिता पार्क में खोजते रहे

मूलरूप से शाहजहांपुर के सुभाष पत्नी रुचि के साथ सेक्टर-डी ब्लाक के मकान संख्या-297 में रहते हैं। पति-पत्नी दोनों सेक्टर में कपड़ों पर प्रेस करने का का काम करते हैं। दोपहर बाद करीब साढ़े तीन बजे उनका 6 वर्षीय बेटा पृथ्वी पार्क में खेल रहा था, जबकि पति-पत्नी दोनों पार्क के समीप ही अपना काम कर रहे थे। खेलते-खेलते अचानक बच्चा लापता हो गया था।

थोड़ी देर बाद जब माता-पिता को बच्चे नहीं मिला। फव्वारे के पास पहुंचे। वहां पानी में उसकी लाश मिली। मां रुचि वहीं बेहोश हो गिर गई। पिता बगल में बैठकर रोने लगे। मोहल्ले वालों ने पुलिस को बुलाया।

# नोएडा प्राधिकरण पर सैकड़ों किसानों ने किया प्रदर्शन

## पंचायत कर तय होगी रणनीति, भ्रष्ट अधिकारियों को सस्पेंड करने की मांग

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण पर भारतीय किसान परिषद के तत्वाधान में सैकड़ों की संख्या में किसानों ने प्रदर्शन किया। इस मौके पर पुलिस ने बेरिकेडिंग लगाकर किसानों पर रोकने की कोशिश। भारतीय किसान परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखवीर खलीफा ने कहा कि प्राधिकरण के साथ वार्ता के बाद ही किसान यहां से हटेंगे। दोपहर बाद तक किसानों का प्रदर्शन जारी रहा। इसके बाद प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी संजय खत्री की अगुवाई में एक बैठक किसानों के साथ हुई। जिसमें किसानों की मांगों पर चर्चा की गई। भारतीय



किसान परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखवीर खलीफा ने प्राधिकरण के सीनियर मैनेजर द्वारा कथित रुप से मांगे गए पैसों की बात रखी।

जिस पर प्राधिकरण ने आश्वन दिया कि जल्द ही कोई एक्शन लिया जाएगा। इसके बाद किसानों ने सेक्टर-145 , 146 में आबादी के प्लाट लागने की बात की। प्राधिकरण ने कहा कि जल्द ही वहां प्लाट लगाए जाएंगे। इसके साथ गांवों के विकास को लेकर चर्चा की गई। किसानों ने हाइ पावर कमेटी के बाद उनकी मांगों पर क्या किया जा रहा है उसकी रिपोर्ट मांगी। प्राधिकरण ने स्टेटस रिपोर्ट बताई।

किसानों ने 10 प्रतिशत आबादी के प्लाट, 64.7 प्रतिशत की दर से मुआवजा , आबादी जैसी है वैसी छोड़ी जाए आदि पर बातचीत की।

साथ ही कहा कि आबादी की जमीन को अवैध बताकर किसानों और ग्रामीणों को परेशान न किया जाए। गढ़ी चौखंडी में अवैध निर्माण पर किसानों के खिलाफ लिए एक्शन पर भी प्राधिकरण ने आश्वस्त किया कि जल्द ही मामले का निपटारा किया जाएगा।

# नोएडा आवंटी सावधान... मोबाइल पर पहुंच रहे फेक मैसेज

**नोएडा।** सावधान यदि नोएडा वाटर सप्लाई डिस्ट्रीब्यूशन प्राइवेट लिमिटेड नोएडा जल के नाम कनेक्शन काटने का कोई मैसेज आए तो ये फ्राड है। इस मैसेज में पिछले महीने का बिल जमा नहीं होने के एवज में सोमवार साढ़े नौ बजे तक कनेक्शन काटने की बात कही गई है।

साथ ही बिल भुगतान और अपडेट के लिए मिस्टर देवेश जोशी से संपर्क करे जैसा वॉट्सऐप भेजा जा रहा है। ठगों की ओर से आवंटियों को विश्वास में लेने के लिए पाइप लाइन वाटर बिल अपडेट डॉट एपीके नाम की फाइल भेजी जा रही है। भेजने वाले के मोबाइल नंबर पर नोएडा जल की डीपी भी लगी है। प्राधिकरण के जीएम जल आरपी सिंह ने बताया कि ये पूरी तरह से फ्राड और फेक है।

प्राधिकरण की ओर से इस तरह का कोई भी लिंक नहीं भेजा जा रहा है। न ही कोई पानी /सीवर का कनेक्शन काटने की बात कही गई है। ये पूरी तरह से गलत है।

इस तरह का कोई लिंक आए तो उसे तत्काल डिलीट करे। जीएम ने बताया कि इस मामले में साइबर सेल पुलिस को शिकायत की गई है। जल्द ही एक्शन लिया जाएगा।

### शिक्षक संघ ने की बैठक

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर स्थित बिहारी लाल इंटर कॉलेज में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ की बैठक आयोजित की गई। यह बैठक राज्य परिषद के प्रदेश नेतृत्व के आदेश पर ग्रीष्मकालीन शैक्षिक विचार गोष्ठी शिविर के रूप में हुई। बैठक में शिक्षकों की विभिन्न मांगों और समस्याओं पर चर्चा की गई। शिक्षकों ने 8 जुलाई को होने वाले धरने में एकजुट होकर भाग लेने का निर्णय लिया। बैठक में प्रधानाचार्य महकार सिंह उपस्थित रहे। इसके अलावा पूर्व जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य परमानन्द शर्मा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सत्यवीर यादव और पूर्व जिलाध्यक्ष अरविंद शर्मा ने भी बैठक में हिस्सा लिया। वर्तमान जिलाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह के साथ खेमचंद शर्मा, मदनगोपाल, जयप्रकाश, सुनील कुमार धीरान, अजय जायसवाल, प्रेमचंद भाटी, वीरेंद्र सिंह, सुनील कुमार और हरिप्रकाश शर्मा समेत जिले के अन्य शिक्षक भी मौजूद रहे।

# कांवड़ यात्रा से पहले बिलासपुर में अतिक्रमण हटाया

## एसडीएम ने दुकानदारों को दी चेतावनी, दोबारा अतिक्रमण पर होगी कानूनी कार्रवाई

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के बिलासपुर कस्बे में सोमवार को एसडीएम सदर ने बड़ी कार्रवाई की। उन्होंने नगर पंचायत के अधिकारियों के साथ मिलकर मुख्य सड़क से अतिक्रमण हटवाया।

दनकौर-सिकंदराबाद रोड पर बिलासपुर चौकी के सामने रेहड़ी-पटरी वालों ने सड़क पर कब्जा कर



रखा था। इससे वाहनों की आवाजाही में परेशानी हो रही थी। एसडीएम चारुल यादव ने दोपहर में पुलिस बल के साथ पहुंचकर कई घंटे तक अतिक्रमण हटवाया। नगर पंचायत ने कुछ महीने पहले ही सभी दुकानदारों को नोटिस भेजा था। इसके बावजूद अतिक्रमण नहीं हटाया गया। एसडीएम ने कहा कि आने वाले दिनों में कांवड़ यात्रा शुरू होने वाली है। सड़क पर अतिक्रमण से कांवड़ियों को परेशानी न हो, इसलिए यह कार्रवाई की गई। अधिकारियों ने दुकानदारों को चेतावनी दी है। अगर दोबारा अतिक्रमण किया गया तो नगर पंचायत कानूनी कार्रवाई करेगी।

# शार्ट न्यूज

### ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण का बेसमेंट जलमग्न

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण कार्यालय में सोमवार को हुई बारिश ने कार्यालय की व्यवस्था को अस्त-व्यस्त कर दिया। प्राधिकरण के पार्किंग बेसमेंट में कई फुट पानी भर गया। पानी लिफ्ट तक पहुंच गया, जिससे सभी लिफ्ट बंद हो गईं। कार्यालय में काम के लिए आने वाले फरियादियों को सीढ़ियों का सहारा लेना पड़ रहा है। बुजुर्गों और दिव्यांगों को ऊपरी मंजिलों तक पहुंचने में विशेष कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। प्राधिकरण के कर्मचारी स्थिति को नियंत्रित करने में जुटे हैं। लिफ्ट में भरे पानी को सुखाने के लिए पंखे लगाए गए हैं। बेसमेंट से पानी निकालने के लिए टैंकरों का इस्तेमाल किया जा रहा है। यह घटना प्राधिकरण की जल निकासी व्यवस्था की कमजोरी को उजागर करती है। बारिश के मौसम से पहले बुनियादी सुविधाओं की जांच और रखरखाव में कमी स्पष्ट दिखाई दे रही है। स्थिति को सामान्य करने में समय लग रहा है।

### ग्रेटर नोएडा में दो नए बिजली घर शुरू

**जेवर।** यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने सेक्टर 28 और सेक्टर 32 में दो नए बिजली घर यूपी पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड को सौंप दिए हैं। सोमवार शाम को जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने सेक्टर 28 स्थित बिजली घर का उद्घाटन किया। सेक्टर 28 का बिजली घर 10 करोड़ रुपए की लागत से बना है। यह 33/11 केवी क्षमता का 20 एमवीए बिजली घर है। यह उपकेंद्र स्थानीय औद्योगिक इकाइयों, फिल्म सिटी, मेडिकल डिवाइस पार्क, डेटा सेंटर और विकसित होने वाले सेक्टरों को बिजली आपूर्ति करेगा। सेक्टर 32 में भी 10 करोड़ रुपए की लागत से एक बिजली घर तैयार किया गया है। यह उपकेंद्र गांवों और अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से लगे औद्योगिक क्षेत्र को बिजली की आपूर्ति करेगा। सेक्टर 28 के बिजली घर से ग्राम तिरथली, नगला हुकम सिंह, नगला भटोना, नगला हांडा, नगला जहानू, तिरथली खेड़ा और कुरैव को जोड़ा गया है। विधायक धीरेन्द्र सिंह ने बताया कि इन बिजली घरों से ग्रामीणों को 24 घंटे निर्बाध बिजली मिलेगी।

### खेरली भाव गांव में ट्रांसफॉर्मर में आग

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र के खेरली भाव गांव में सोमवार को एक बड़ी दुर्घटना होने से बच गई। गांव के मुख्य रास्ते पर स्थित बिजली के ट्रांसफॉर्मर में आग लग गई। स्थानीय निवासी जनक ने बताया कि ट्रांसफॉर्मर से पिछले कई दिनों से तेल रिसाव हो रहा था। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत विभागीय अधिकारियों से की थी। लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया। सोमवार को ट्रांसफॉर्मर से अचानक धुआं निकलने लगा। इसके कुछ ही देर बाद उसमें आग लग गई। आग लगने के साथ ही ट्रांसफॉर्मर में धमाका भी हुआ। वहां से गुजर रहे लोगों ने भागकर अपनी जान बचाई। ग्रामीणों का आरोप है कि बिजली विभाग की लापरवाही से पूरे क्षेत्र में इस तरह की घटनाएं हो रही हैं। शिकायत करने के बाद भी समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया जाता। अब ग्रामीणों ने इस मामले की शिकायत विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से करने का निर्णय लिया है।

### दनकौर से यमुना एक्सप्रेसवे मार्ग पर जलभराव



**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कस्बे से यमुना एक्सप्रेसवे को जोड़ने वाले बाईपास रोड पर जलभराव ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। इस मार्ग पर वाहनों की आवाजाही अधिक रहती है। सोमवार को हुई बारिश के बाद सड़क पर जमा पानी में कई वाहन फंस गए। इन्हें बाहर निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। स्थानीय निवासी हरेंद्र कसाना, ओमवीर और दिनेश जुनेदपुर का कहना है कि सड़क की स्थिति पिछले कई वर्षों से खराब है। नगर पंचायत और प्राधिकरण के बीच जिम्मेदारी को लेकर टालमटोल जारी है। नगर पंचायत के अधिकारी इसे प्राधिकरण का मामला बताकर टाल देते हैं। प्राधिकरण भी कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वे संबंधित विभाग के खिलाफ धरना प्रदर्शन करेंगे।

### वाहन का मोबाइल नंबर अपडेट ऑनलाइन होंगे

**नोएडा।** जिले के करीब एक लाख वाहन मालिकों का संपर्क नंबर परिवहन विभाग में अपडेट नहीं है। ऐसे में वाहन स्वामित्व स्थानांतरण समेत सभी सेवाओं में वाहन मालिकों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। लोगों की सुविधा के लिए परिवहन विभाग ने अपनी वेबसाइट पर सीधे मोबाइल नंबर अपडेट करने की सुविधा शुरू की है। परिवहन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार परिवहन विभाग की आधिकारिक वेबसाइट www.parivahan.gov.in खोलते ही मोबाइल नंबर अपडेट करने की सुविधा मिलेगी। इसमें ड्राइविंग लाइसेंस धारक और वाहन मालिक वाहन और सारथी पोर्टल के क्यू आर कोड को स्कैन करके मोबाइल नंबर दर्ज कर सकते हैं एआरटीओ प्रशासन डॉ. सियाराम वर्मा ने कहा कि वाहन मालिकों और चालकों की सुविधा के लिए परिवहन विभाग ने नई व्यवस्था शुरू की है।

### 184 शिक्षकों को मनचाहे स्कूल मिले

नोएडा। शासन के निर्देश पर परिषदीय विद्यालयों में पढ़ाने वाले 184 शिक्षकों को मनचाहा स्कूल मिल गया। शिक्षकों को आठ वर्ष बाद जिले के अंदर और जिले के बाहर सामान्य तबादले का मौका मिला था। जिलाधिकारी की अध्यक्षता वाली चार सदस्यीय समिति ने शिक्षक-छात्र अनुपात के अनुसार यह तबादले किए हैं। पिछले दिनों शासन ने आदेश दिया था कि जिले के अंदर स्वेच्छा से तबादला और समायोजन अधिक शिक्षक वाले विद्यालय से जरूरत वाले विद्यालय में ही किया जाए। शिक्षक और शिक्षिका की आवश्यकता वाले किसी भी विद्यालय से तबादला और समायोजन नहीं किया जाए। शिक्षकों से लिए गए विकल्प के आधार पर यह तबादले किए जाएं इससे पहले ज्यादा शिक्षक वाले और कम शिक्षक वाले स्कूलों की सूची जारी की गई थी। इसके आधार पर शिक्षकों के पास अधिकतम 10 विद्यालयों में तबादला लेने का विकल्प मिला था। उन्हें कम से कम एक विद्यालय का विकल्प देना अनिवार्य था।



# उत्तरप्रदेश में जोरदार बारिश, सड़के हुई जलमग्न, नदीयां उफान पर

## प्रयागराज में नाव से निकला 10 फीट लंबा अजगर, नोएडा में सड़क धंसी, कासगंज में हाईवे पर तैरे लोग, सरयू वॉर्निंग लेवल पार

**उत्तर प्रदेश।** यूपी में मानसून मेहरबान है। नोएडा और ग्रेटर नोएडा में सोमवार को तेज बारिश हुई। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के दफ्तर में पानी भर गया। बेसमेंट की लिफ्ट बंद करनी पड़ी। उसे पंखा लगाकर सुखाया गया। लोगों के घरों में 2 फीट तक सीवर का पानी भरा रहा। सेक्टर 100 में सर्विस रोड करीब 10 फीट धंस गई।

कासगंज में इतनी बारिश हुई कि सीएचसी में 1 फीट तक पानी भर गया। सड़कें तालाब बन गईं। लोगों के घरों में भी पानी घुस गया। बाल्टियों से लोग घरों से पानी निकालते नजर आए। बिजनौर में डेढ़ घंटे तक जोरदार बारिश हुई। इससे सड़कें तालाब बन गईं। बुलंदशहर में रात 2 बजे से पूरे दिन रुक-रुक कर बारिश होती रही। गलियों में 3 फीट तक पानी भर गया है। स्कूलों में छुट्टी कर दी गई।

अयोध्या में सरयू नदी उफान पर है। सोमवार सुबह 9 बजे जलस्तर वार्निंग लेवल पार कर 91.96 मीटर पहुंच गया है। सरयू वार्निंग लेवल से 23 सेमी ऊपर और डेंजर लेवल से 77 सेमी नीचे बह रही है। यहां वार्निंग लेवल 91.73 मीटर और डेंजर लेवल 92.73 मीटर है।



प्रयागराज के संगम तट पर एक नाव में 10 फीट लंबा अजगर बैठा था। यह देखकर नाव में सवार यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। वन विभाग ने अजगर को जंगल में छोड़ा।

मौसम विभाग ने मंगलवार को 10 जिलों में भारी बारिश का अनुमान जताया है। इनमें बहराइच, लखीमपुर खीरी, आगरा, फिरोजाबाद, इटावा, शाहजहांपुर, जालौन, महोबा, झांसी, ललितपुर शामिल हैं।

बीते 24 घंटे में प्रदेश के 36 जिलों में बारिश हुई। पूर्वी यूपी रीजन में फर्रुखाबाद, फतेहपुर, गाजीपुर, हरदोई, कन्नौज, कानपुर शहर, लखीमपुर खीरी और सिद्धार्थनगर में बारिश हुई। बाकी 34 जिले सूखे रहे। वेस्ट यूपी रीजन में 5 जिलों- शामली, शाहजहांपुर, पीलीभीत, बागपत और औरैया को छोड़कर 28 जिलों में बारिश हुई।

### यूपी में आज 10 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट

यूपी में मंगलवार को 10 जिलों में भारी बारिश का अनुमान है। इनमें बहराइच, लखीमपुर खीरी, आगरा, फिरोजाबाद, इटावा, शाहजहांपुर, जालौन, महोबा, झांसी, ललितपुर शामिल है। मौसम विभाग ने कहा कि इन जिलों में बारिश के साथ 30 से 40 किमी स्पीड से हवाएं चलेंगी।

# बहराइच में सीरियल रेपिस्ट अरेस्ट, 1 महीने में 4 वारदात

## 5 से 7 साल की बच्चियों को निशाना बनाता; मोबाइल में अश्लील फोटो-वीडियो मिले

**बहराइच।** बहराइच में सीरियल रेपिस्ट अरेस्ट हुआ है। उसने 1 महीने में 4 बच्चियों से रेप किया। आरोपी ने 3 जून को पहली वारदात को अंजाम दिया था।

इसके बाद 25 जून से 3 जुलाई के बीच अलग-अलग गांवों की 3 बच्चियों के साथ दरिंदगी की।

आरोपी 5 से 7 साल की बच्चियों को अपना शिकार बनाता। रात में सोते समय उन्हें घर से उठाता। घर से दूर जंगल में ले जाकर रेप करता। फिर



बदहवास हालत में छोड़कर फरार हो जाता। इनमें से एक बच्ची का इलाज लखनऊ में चल रहा है। सभी मामले 10 किमी के एरिया के हैं और उनका पैटर्न भी एक जैसा था। इसलिए पुलिस ने चारों पीड़ित बच्चियों को थाने बुलवाया। उनके बयान के आधार पर आरोपी का हुलिया (स्क्रेच) तैयार कराया।

पुलिस अधीक्षक ने मोतीपुर क्षेत्राधिकारी हर्षिता तिवारी के नेतृत्व में 5 टीमों का गठन किया। पुलिस ने सोमवार देर रात आरोपी को सुजौली थाना क्षेत्र के बाजपुर बनकटी गांव के पास से पकड़ा। पूछताछ में उसने अपना जुर्म कबूल लिया है।

## जमीन विवाद में महिला से मारपीट

**लखनऊ।** लखनऊ के नगराम थाना क्षेत्र में खेत की मेड़ को लेकर एक महिला से मारपीट का मामला सामने आया है। दोड़वा खेड़ा मजरा समेसी की रहने वाली सुनीता ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि रविवार रात करीब 8 बजे उनके पड़ोसी दुर्गेश पुत्र मनी राम उनके घर आए। दुर्गेश ने खेत की मेड़ को लेकर गाली-गलौज शुरू कर दी। जब सुनीता ने इसका विरोध किया तो आरोपी ने उनके साथ मारपीट की। इस हमले में सुनीता के दाहिने हाथ, पैर और शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आईं। आरोपी ने जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# मां और वकील बेटे की मौत

**कानपुर।** कानपुर में बेकाबू कंटेनर ने बाइक सवार वकील और उनकी मां को टक्कर मारी दी। दोनों 20 फीट उछलकर सड़क पर गिर पड़े। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। इसके अलावा कंटेनर ने कार और एक अन्य बाइक को भी टक्कर मारी। बाइक सवार दो लोग घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

सोमवार सुबह चालक ने प्रयागराज-कानपुर हाईवे पर 5 किमी तक कंटेनर को रॉन्ग साइड में दौड़ाया। कंटेनर में तीन सवारियां बैठी थीं। तीनों बचाओ-बचाओ चिल्लाते रहे। दो सवारियां चलती कंटेनर से कूद गईं।

सरसौल ओवरब्रिज से 200 मीटर दूर भीड़ कंटेनर के सामने आ गई। यह देखकर चालक ने कंटेनर रोक दिया। ड्राइवर भागने की कोशिश करने लगा, लेकिन भीड़ ने दौड़ाकर पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया।

पुलिस के मुताबिक, नगरा मोड़ से सरसौल ओवरब्रिज तक करीब 5 किलोमीटर तक कंटेनर उल्टी दिशा में दौड़ा। सबसे पहले नगरा मोड़ पर कंटेनर ने कार को टक्कर मारी। हालांकि, कार सवार बाल-बाल बच गया। इसके बाद कंटेनर ने एक बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार आकाश गुप्ता और उसका दोस्त घायल हो गए। दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।

सरसौल ओवरब्रिज के पास कंटेनर ने बाइक सवार कल्याणपुर निवासी राघवेंद्र सिंह और उनकी मां मुन्नी देवी को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मां-बेटा उछलकर 20 फीट दूर जा गिरे।

# नाले में मिली युवक की लाश

**झांसी।** झांसी में सोमवार सुबह एक युवक की लाश नाले में मिलने से सनसनी फैल गई। उसके हाथ पर गायत्री नाम लिखा था। इसके जरिए युवक की पहचान हो गई। वो परिवार के साथ करीब 200 मीटर दूर रहता था। दो दिन पहले भी वह नाले में गिर गया था। पुलिस फोरेंसिक टीम को मौके पर बुलाकर जांच पड़ताल में जुटी है। हालांकि अभी तक मौत की वजह स्पष्ट नहीं हो पाई है।

पूरा मामला मोंठ कस्बे के टीकाराम वाली गली का है।

युवक की पहचान आकाश कुशवाहा (24) पुत्र रामसेवक के रूप में हुई है। वह चिरगांव का रहने वाला था और पिछले करीब 3 साल से मोंठ में रह रहा था। परिजनों ने बताया- आकाश कबाड़ का काम करता था। सोमवार सुबह टीकाराम वाली गली में नाले के अंदर उसका शव मिला। उसके मुंह पानी में डूबा हुआ था।

लोगों ने लाश देखकर पुलिस को सूचना दी। खबर लगते ही परिजन भी रोते बिलखते पहुंच गए। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पिता ने बताया- आकाश शराब पीने का आदी था। दो दिन पहले भी वह नाले में गिर गया था। तब पुलिस ने ही उसको अस्पताल में एडमिट करवाया था। रविवार रात को वह घर नहीं आया तो चिंता हुई। सुबह पता चला कि उसकी लाश नाले में मिली है। आकाश कुशवाहा अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। वह अविवाहित था। उसकी एक बहन पूजा है, जिसकी शादी हो चुकी है।

# भूत भगाने के नाम पर महिला की पीट-पीटकर हत्या

## आजमगढ़ में ओझा ने टॉयलेट का पानी पिलाया, बच्चा न होने पर झाड़-फूंक कराने गई थी

**आजमगढ़।** आजमगढ़ में ओझा ने भूत उतारने के नाम पर महिला को पीट-पीटकर मार डाला। झाड़-फूंक के दौरान गला दबाया, बाल पकड़कर घसीटा और टॉयलेट का पानी पिलाया। महिला ने ऐसा करने से मना किया तो बोला- बड़ा साया है, ऐसे नहीं भागेगा। महिला की तबीयत बिगड़ने पर ओझा उसे हॉस्पिटल लेकर गया, जहां डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद ओझा फरार हो गया। महिला के परिजन ओझा के घर के पहुंचे। रविवार रातभर शव रखकर हंगामा किया।

सूचना पर पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। गांव में तनाव को देखते हुए बड़ी संख्या में फोर्स तैनात की गई।



पुलिस अधिकारियों ने सोमवार सुबह परिजनों को समझाकर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया। पुलिस ने ओझा को हिरासत में ले लिया है।

घटना कंधरापुर थाना अंतर्गत पहलवानपुर गांव की है। बच्चा नहीं होने पर महिला अपनी सास के साथ रविवार को ओझा के यहां झांड़-फूंक कराने गई थी। ओझा ने एक लाख रुपए में महिला को ठीक करने का ठेका लिया था।

### अब जानिए पूरा मामला...

पहलवानपुर गांव निवासी बलिराम यादव की बेटी अनुराधा (34) की शादी 2014 में तहबरपुर थाना क्षेत्र के नैपुरा गांव के रणधीर के साथ हुई थी। शादी के 10 साल बाद भी अनुराधा के कोई बच्चा नहीं था। रणधीर दिल्ली में नौकरी करता है। अनुराधा भी वहीं रहती थी। एक महीने पहले अनुराधा मायके पहलवानपुर आई थी। उसे वहीं किसी ने हरिजन बस्ती में एक ओझा के बारे में बताया।

परिजनों के अनुसार, रविवार शाम अनुराधा अपनी मां दुलारी देवी के साथ ओझा के घर गई। ओझा चंदू ने अपनी पत्नी शबनम सहित दो और सहयोगियों के साथ मिलकर अनुराधा को बाल पकड़कर घसीटा, गला और मुंह जोर-जोर से दबाने लगा। मां से बर्दाश्त नहीं हुआ।

मां ने ओझा को ऐसा करने से मना किया। ओझा ने कहा- इसके ऊपर जबरदस्त छाया है। इसका यही उपाय है। परिजनों और ग्रामीणों का आरोप है कि अनुराधा को नाले और लेट्रिन का गंदा पानी भी पिलाया गया। कुछ देर बाद अनुराधा की तबीयत खराब हो गई। ओझा अपने सहयोगियों के साथ अनुराधा को हॉस्पिटल ले गया। जहां देर रात डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया गया।

# जनशिकायतों के निस्तारण में ललितपुर पुलिस प्रदेश में अव्वल

## प्रदेश में समस्त थानों की रैकिंग में भी जनपद के 13 थानों को मिला प्रथम स्थान

**ललितपुर।** आईजीआरएस पोर्टल पर होने वाली जनशिकायतों के निस्तारण में जून माह की रैंकिंग में जनपद ललितपुर पुलिस को प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। जिले के 13 थानों को प्रदेश में प्रथम स्थान मिला है। माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप जनशिकायतों के उचित, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक के निर्देशन में ऑनलाइन शिकायत पोर्टल, समन्वित शिकायत निवारण



प्रणाली आईजीआरएस से प्राप्त शिकायतों को उचित, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण में जनपद ललितपुर पुलिस को माह जून-2025 की प्रदेश रैंकिंग में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है । इसके साथ-साथ ऑनलाइन जनसुनवाई पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का मुख्यमंत्री कार्यालय से मूल्यांकन में प्रदेश के सभी 75 जिलों में जनपद ललितपुर को शत-प्रतिशत कार्यवाही के लिये प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है । जनपद ललितपुर पुलिस द्वारा मा0 मुख्यमंत्री पोर्टल, जनसुनवाई, समाधान दिवस आदि पर प्राप्त शिकायतों का उचित, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण किया गया ।

जनशिकायतों के निस्तारण में प्रदेश में थानों की रैंकिंग में जनपद के 13 थानों को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। इस परिणाम के लिए पुलिस अधीक्षक, जनपद ललितपुर ने आईजीआरएस से जुड़े सभी अधिकारी/कर्मचारीगण को पूरी लगन व मेहनत से कार्य हेतु भूरि-भूरि प्रशंसा की है तथा 25 हजार रुपये की धनराशि के पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया तथा निकट भविष्य में इसी प्रकार पूरी लगन व मेहनत से कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया गया ।

# रास्ते में जानवर बांधने के विवाद में महिला की हत्या

**मैनपुरी।** मैनपुरी के बेवर थाना क्षेत्र के बागपुर गांव में रास्ते में जानवर बांधने को लेकर हुए विवाद में दबंगों ने एक वृद्ध महिला की लाठी-डंडों से पीटकर हत्या कर दी। इस घटना में महिला का पति और पुत्रवधू भी घायल हो गए।

घटना की जानकारी मृतका के बेटे अरुण कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि गांव के बृजेश कुमार, सुनील कुमार, नीरज कुमार, संजीव कुमार, दीपक कुमार और श्रीमती रेखा लगातार गली में जानवर बांधते थे। बार-बार मना करने के बावजूद वे ऐसा करते रहे।

घटना उस समय हुई जब अरुण के पिता सुरेंद्र सिंह मोपेड से घर लौट रहे थे। गली में बंधे जानवरों से मोपेड टकरा गई। इस पर आरोपियों ने उनसे कहासुनी की। सुरेंद्र सिंह घर चले आए, लेकिन आरोपी उनके घर पहुंच गए। वहां उन्होंने सुरेंद्र सिंह, उनकी पत्नी और बहू पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। घायलों को बेवर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया।

# ललितपुर में कारवां टॉकीज़ अभियान का उत्साहजनक समापन, युवाओं की अभूतपूर्व भागीदारी

**ललितपुर।** चार दिवसीय जॉइन इंडियन आर्मी - कारवां टॉकीज़ अभियान का समापन आज ललितपुर ज़िले में देशभक्ति, उद्देश्य और जनसहभागिता की सशक्त अभिव्यक्ति के साथ हुआ। अंतिम चरण में वर्णी जैन इंटर कॉलेज एवं राजकीय इंटर कॉलेज , ललितपुर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए, जहाँ बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ, शिक्षकगण और स्थानीय युवा सेना की सेवा भावना और अवसरों के संदेश से सीधे जुड़े।

यह अभियान भारतीय सेना के भर्ती निदेशालय की संकल्पना पर आधारित था और मुख्यालय भर्ती ज़ोन लखनऊ के तत्वावधान में एआरओ आगरा द्वारा अत्यंत कुशलता से ज़मीन पर



कार्यान्वित किया गया। अभियान ने बीते चार दिनों में ललितपुर ज़िले के कई शैक्षणिक संस्थानों और ग्रामीण क्षेत्रों को प्रभावी रूप से कवर किया—उन हज़ारों युवाओं तक पहुँचते हुए, जिन्होंने पहले कभी सेना में करियर के विकल्पों को इतने निकट से नहीं जाना था।

विशेष रूप से डिज़ाइन किए गए कारवां टॉकीज़ वाहन, जिसमें एलईडी स्क्रीन, सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली और प्रेरणादायक दृश्य सामग्री थी, ने युवाओं को सेना के और करीब लाया। अनुशासन, ईमानदारी और राष्ट्र सेवा जैसे मूल्यों की झलक दिखाते हुए सेना अधिकारियों ने छात्रों के साथ प्रत्यक्ष संवाद कर अग्निवीर, तकनीकी और अधिकारी स्तर की प्रवेश योजनाओं की गहराई से जानकारी साझा की। मौके पर ही ऑनलाइन पंजीकरण में मदद और सूचना-पत्रकों का वितरण किया गया।

## घर में घुसकर युवक पर हमला

**बुलंदशहर।** बुलंदशहर के कोतवाली नगर क्षेत्र के मोहल्ला रुकन सराय में एक युवक पर घर में घुसकर हमला किया गया। तीन हमलावरों ने समीर नाम के युवक को चाकू और धारदार हथियारों से घायल कर दिया। हमलावर वारदात के बाद मौके से फरार हो गए। परिजन घायल समीर को जिला अस्पताल ले गए। डॉक्टरों ने उसकी स्थिति देखते हुए उसे हायर मेडिकल सेंटर रेफर कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस हमलावरों की पहचान कर रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार यह हमला पुरानी रंजिश का नतीजा हो सकता है। पुलिस अभी हमले के कारणों की जांच कर रही है। घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। लोगों ने पुलिस से जल्द कार्रवाई की मांग की है।

# एसपी ने गूगल मीट के जरिए की कानून व्यवस्था की समीक्षा

## राजपत्रित अधिकारियों, थाना, शाखा व चौकी प्रभारियों को दिए दिशा निर्देश

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक द्वारा गूगल मीट के माध्यम से जनपद के समस्त राजपत्रित अधि0/थाना/शाखा प्रभारियों के साथ अपराध एवं कानून-व्यवस्था व आगामी त्यौहार के सम्बन्ध में जूम मीटिंग कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये । मीटिंग के बिन्दु निम्नवत हैं।

समस्त क्षेत्राधिकारियों व थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि सावन माह के दृष्टिगत अपने -अपने क्षेत्रों के सम्भ्रान्त व्यक्तियों एवं धर्मगुरुओं से संवाद स्थापित कर, पीस कमेटी की मीटिंग आयोजित कर शासन के आदेशों-निर्देशों का अक्षरश: अनुपालन सुनिश्चित कराने हेतु निर्देशित किया गया। सावन माह के




दौरान कांवड यात्रा के दृष्टिगत तथा मन्दिरों/शिवालयों में पर्याप्त पुलिस बल लगाकर त्योहार को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु दिशा-निर्देश दिये गये।

लूट/ डकैती/ नकबजनी / चोरी/ झपटमारी के अपराधों से सम्बन्धित, विशेष अभियान चलाकर अपराधियों का सत्यापन करने व घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही कराने तथा रात्रि में प्रभावी रूप से चेकिंग/गस्त करने हेतु निर्देशित किया गया। जनपद में कानून-व्यवस्था को सुदृढ बनाने के उद्देश्य से प्रत्येक थाना क्षेत्र में शराब के ठेको/ढाबों/हाईवे पर अधिक से अधिक संख्या में गुणवत्तापूर्ण सीसीटीवी कैमरे लगवाने तथा उनकी चैकिंग करने हेतु निर्देशित किया गया ।

समस्त थाना/चौकी प्रभारियो को दिवसीय अभियान चलाकर किरायेदारों का सत्यापन करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

आईजीआरएस पोर्टल/जनसुनवाई पर प्राप्त शिकायतो की प्रतिदिन समीक्षा कर, उनका उचित, समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराकर आवेदक की समस्या का शत-प्रतिशत निराकरण कराना सुनिश्चित करें तथा शिकायतकर्ता से शत -प्रतिशत फीड बैक लेना सुनिश्चित करें।

# शार्ट न्यूज

## दहेज हत्या का वांछित गिरफ्तार

**ललितपुर।** सौजना थाना क्षेत्र में दहेज हत्या के मामले में एक वांछित आरोपी को पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक, ललितपुर कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी,महरौनी आशीष मिश्रा के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में वाँछित/वारण्टी की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सौजना पुलिस द्वारा थाना सौजना पर पंजीकृत मु0अ0स0- 108/2025 धारा 80/85 बीएनएस व दहेज प्रतिषेध अधिनियम में वांछित अभियुक्त विनोद पुत्र दयालू उर्फ दयाली कुशवाहा उम्र करीब 22 वर्ष निवासी ग्राम नावई थाना सौजना ललितपुर को नैकौरा तिराहा ग्राम सौजना थाना सौजना जिला ललितपुर से नियमानुसार गिरफ्तार कर, आवश्यक वैधानिक कार्रवाई करते हुये, माननीय न्यायालय में पेश किया जा रहा है ।गिरफ्तार करने वाली टीम पारुल सिंह थानाध्यक्ष उ.नि. अजयपाल हे.का. नीरज कुमार आदि शामिल रहे।

## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनांतर्गत महिला चिकित्सालय में मनाया गया कन्या जन्मोत्सव




**ललितपुर।** महिला चिकित्सालय में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देशन में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनांतर्गत कन्या जन्मोत्सव का आयोजन किया गया, जिसने 27 नवजात बालिकाओं का जन्मोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर नवजात बालिकाओं को उपहार दिए गए, साथ ही एक पेड़ मॉ के नाम अभियान के तहत एक पौधा भी भेंट किया गया। नवजात बालिकाओं के परिजनों को "बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ" एवं वृक्षारोपण अभियान के प्रति प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ इम्तियाज अहमद, प्राचार्य मेडिकल कॉलेज डॉक्टर मयंक कुमार शुक्ला, सीएमएस डॉ गजेंद्र सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी नंदलाल सिंह, सखी वन स्टॉप सेंटर एवं जिला बाल संरक्षण इकाई, चाइल्ड हेल्पलाइन, महिला चिकित्सालय के कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

## एससी/एसटी शिक्षक संगठन का विरोध

**सहारनपुर।** सहारनपुर में एससी/एसटी बेसिक टीचर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने परिषदीय विद्यालयों के एकीकरण का विरोध किया। संगठन के सदस्यों ने सोमवार को जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। जिला अध्यक्ष राकेश नौटियाल के अनुसार, विद्यालयों का विलय शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2009 का उल्लंघन है। अधिनियम के तहत हर बच्चे को 1 किलोमीटर की दूरी पर प्राथमिक विद्यालय और 3 किलोमीटर के दायरे में उच्च प्राथमिक विद्यालय की सुविधा मिलनी चाहिए। स्कूलों के विलय से दूर-दराज के क्षेत्रों के बच्चों को स्कूल पहुंचने में परेशानी होगी। जिला महामंत्री विक्रम सिंह और कोषाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ने कहा कि यह नीति एससी/एसटी और गरीब तबके के बच्चों की शिक्षा को प्रभावित करेगी। उनका आरोप है कि सरकार सरकारी स्कूलों को बंद करने की योजना बना रही है। इससे शिक्षकों की संख्या और गांवों में शिक्षा की गुणवत्ता प्रभावित होगी।

## सहारनपुर के राम मंदिर का वार्षिक उत्सव

**सहारनपुर।** सहारनपुर के जनक नगर इन्दिरा बस्ती स्थित श्री राम मंदिर का 12वां वार्षिकोत्सव श्रद्धा के साथ मनाया गया। मंदिर प्रांगण को आकर्षक रूप से सजाया गया। राम मंदिर सेवा समिति ने हवन-पूजन और मंत्रोच्चार के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वार्षिकोत्सव में शोभायात्रा निकाली गई। इसमें राम, लक्ष्मण, जानकी, हनुमान जी, शंकर-पार्वती और राधा-कृष्ण की झांकियां शामिल थीं। बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिलाएं मंगल कलश लेकर यात्रा में शामिल हुईं। नगर के कई स्थानों पर कलश यात्रा का पुष्पवर्षा से स्वागत किया गया। मंदिर स्थल पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में मंदिर के पुजारी पंडित कृष्णकांत शास्त्री उपस्थित रहे। समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, संयोजक और कोषाध्यक्ष समेत सभी पदाधिकारी मौजूद थे। आसपास के क्षेत्रवासियों ने भी श्रद्धाभाव के साथ पूजा-अर्चना में हिस्सा लिया।

## सहारनपुर में पाक्सो एक्ट में 20 साल की सजा

**सहारनपुर।** सहारनपुर कोर्ट ने महिला और उसकी नाबालिग बेटी के साथ रेप के मामले में दोषी करार दिया है। कोर्ट ने अभियुक्त को 20 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। अभियुक्त पर 30 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। 2021 में पीड़िता ने मुकदमा दर्ज कराया था। अपर जिला सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या-13 की कोर्ट ने पत्रावली पर आए साक्ष्यों और गवाहों की गवाहीं के आधार पर ये सजा सुनाई है। एडीजीसी संजय मलिक ने बताया कि थाना कुतुबशेर क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने 11 अगस्त 2021 को एक तहरीर दी थी। जिसमें बताया था कि उसका अपने पति से तलाक हो गया था। महिला का आरोप था कि उसके पति के दोस्त सोमपाल ने उसे नौकरी का झांसा देकर संबंध बनाए। आरोप था कि 10 अगस्त को अपने घर से सामान लेने के लिए गई थी। पीड़िता ने बताया था कि जब वो सामान लेकर घर पर आई तो घर से उसे सोमपाल निकलते हुए दिखाई दिया। जब वो घर के अंदर गई तो उसकी नाबालिग बेटी उल्टियां कर रही थी और रो रही थी। मां के पूछने पर नाबालिग ने बताया कि अंकल ने उसके साथ गलत हरकत की है। तभी महिला अपनी बेटी को लेकर थाने पहुंची। पुलिस ने नाबालिग का मेडिकल कराया। एडीजीसी संजय मलिक ने बताया कि महिला और नाबालिग बेटी की ओर से अभियुक्त सोमपाल पर रेप और पोक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज हुआ। पुलिस ने मामले की जांच की। जांच करने के बाद पुलिस ने रेप, पॉक्सो एक्ट समेत अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया।

## संक्षिप्त समाचार

### ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने रियो डी जेनेरियो पहुंचे PM मोदी

**रियो डी जनेरियो।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को ब्राजील के रियो डी जनेरियो के गैलेओ इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पहुंच गए। वह राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा के निमंत्रण पर यहां हैं ताकि ब्रिक्स के 17वें शिखर सम्मेलन में हिस्सा ले सकें। यह उनकी चौथी ब्राजील यात्रा है।

**1. ब्रिक्स सम्मेलन की तैयारियां**
सम्मेलन 6-7 जुलाई को विकसित हो रहा है और इसका मुख्य विषय है-।
पहले विदेश मंत्री स्तर पर विवाद के बाद इस बार सभी सदस्यों ने एक जोहिक घोषणा-पत्र पर सहमति बनाई, जिसमें गाज़ा, इज़राइल-ईरान तनाव, अफ्रीका की हस्ष्ट प्रतिनिधित्व की मांग और अमेरिकी संरक्षणवाद की आलोचना जैसे मुद्दों शामिल हैं ।

**2. द्विपक्षीय वार्ताएं**
सम्मेलन के साथ-साथ पीएम मोदी ब्राजीलिया में राष्ट्रपति लूला से भी मुलाकात करेंगे। प्रमुख चर्चा के मुद्दे होंगे-
रक्षा और अंतरिक्ष सहयोग।
हरित ऊर्जा और जैव ईंधन
डिजिटल तकनीक और जन संपर्क।
यूएन सुरक्षा परिषद सुधार- त्र4 की पहल पर भी सहमति बनी है।

**3. भारत-ब्राजील रणनीतिक साझेदारी**
2024 की त्र20 अध्यक्षता में भारत का नेतृत्व मॉडल बनकर सामने आया और इसका असर ब्राज़ील के त्र20 एजेंडा पर भी देखा गया। आईबीएसए फोरम के माध्यम से दोनों देश दक्षिण-दक्षिण सहयोग को भी मजबूत कर रहे हैं ।

**4. भूटान-दक्षिण दौरे की तैयारियां**
यह यात्रा मोदी-जी की 10 वर्षों में सबसे लंबी विदेश यात्रा है, जिसमें पांच देशों - घाना, ट्रिनिदाद एंड टोबैगो, अर्जेंटीना, ब्राज़ील और नामीबिया - की यात्रा शामिल है।
ब्राज़ील यात्रा के बाद उनका अगला पड़ाव नामीबिया में होगा, जहां वे संसद में संबोधन करेंगे और द्विपक्षीय समझौतों पर चर्चा करेंगे ।

### ट्रंप और मेलानिया का रोमांटिक अंदाज, व्हाइट हाउस की बालकनी पर डांस और Kiss वायरल

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और फर्स्ट लेडी मेलानिया ने व्हाइट हाउस की ट्रूमन बालकनी से इंडिपेंडेंस डे की आतिशबाज़ी देखी। इसी दौरान उन्होंने एक-दूसरे को गले लगाया, किस किया और साथ में 'ट्रम्प डांस' किया, जिससे संपूर्ण कार्यक्रम में एक रोमांटिक और जोशीला माहौल बन गया। ट्रंप ने धमाकेदार अंदाज़ में हिप स्वे और फिस्ट-पंच मूव्स के साथ अपना प्रसिद्ध डांस स्टेप दोहराया, जिसे मेलानिया ने भी नजाकत से अपनाया—वे उनके कंधे से हाथ ऊपर-नीचे लहराकर झूमती नजर आईं।समारोह के दौरान ब्रास बैंड और .रूष्ट.. जैसे लोकप्रिय गाने बजाए गए—संगीत के साथ ट्रंप ने ताल से ताल मिलाकर अपने डांस मूव्स दिखाए। आतिशबाजी के साथ, ट्रंप और मेलानिया एक-दूसरे को किस करने में पीछे नहीं रहे—भीड़ ने "aww" की आवाजों और तालियों के साथ उनका अभिनंदन किया। सोशल प्लेटफ़ॉर्म पर वायरल वीडियो ने लोगों के दिल छू लिए—ट्रंप समर्थकों ने लिखा- एक सच्चा नेता और अमेरिकन लोगों के लिए !मेलानिया के लिए खास तारीफें भी आईं-वह बिल्कुल ग्लो कर रही थीं—पहली पारी में कभी ऐसा नहीं दिखा। उनके सहज रूप और नृत्य की तुलना करते हुए कुछ ने लिखा- इसे देखकर पता चलता है नेताओं में भी दिल होता है। दिन की शुरुआत मिलिट्री पार्टियों और वेटरन्स के लिए पिकनिक के साथ हुई, जिसमें B2 बमवर्षक और जेट फ्लाईओवर भी शामिल था।

### माली में अगवा हुए भारतीय के परिवार से अल-कायदा से जुड़े आतंकी संगठन ने फिरौती की मांग की

**माली।** पश्चिम अफ्रीका के माली में अगवा हुए भारतीय के परिवार से अल-कायदा से जुड़े संगठन ने फिरौती की मांग की है। अगवा किए तीन भारतीयों में से एक ओडिशा के रहने वाले पी. वेंकटरमण के बहनोई ने शनिवार को एएनआई को बताया -वेंकट ने आखिरी बार मुझे 30 जून को फोन किया था। वह पश्चिम अफ्रीका के माली में एक सीमेंट फैक्ट्री में काम करता था। उसने बताया कि उसकी कंपनी ने उन्हें बाहर जाने से रोक दिया है, क्योंकि आतंकवादियों ने वहां हमला कर दिया है।
उन्होंने कहा- हमें कंपनी से फोन आया कि वह पुलिस की हिरासत में हैं। इसके बाद समाचार में दावा किया गया है कि अल-कायदा ने कुछ लोगों का अपहरण कर लिया है। हमने कंपनी को फोन किया, और पुष्टि की। उन्होंने हमें यह बात सरकार को बताने से मना कर दिया और कहा कि आतंकवादी लोगों के बदले में फिरौती मांग रहे हैं। वेंकटरमन के बहनोई ने भारत सरकार से वेंकटरमण को सुरक्षित घर वापस लाने की अपील की है। इस बीच, विदेश मंत्रालय ने माली में भारतीय श्रमिकों के अपहरण पर गहरी चिंता जताई।साथ ही पश्चिम अफ्रीकी देश के अधिकारियों से उनकी सुरक्षित और शीघ्र रिहाई सुनिश्चित करने का आग्रह किया है। दरअसल, 1 जुलाई को माली के सीमेंट फैक्टरी पर आतंकियों ने हमला कर 3 भारतीयों को किडनैप कर लिया था।

# ट्रंप को अब सीधी टक्कर देंगे एलन मस्क

## नए दल का किया ऐलान, नाम रखा- अमेरिका पार्टी



**वाशिंगटन।** अमेरिका की राजनीति में तीसरे दल की संभावनाओं को लेकर जारी अटकलों के बीच टेस्ला और स्पेसएक्स के मालिक एलन मस्क ने शुक्रवार को औपचारिक रूप से एक नई राजनीतिक पार्टी अमेरिका पार्टी के गठन का ऐलान कर दिया। यह घोषणा मस्क ने एक्स पर एक दिन पहले पार्टी को लेकर कराए गए पोल के बाद की है।

अपने पोस्ट में एलन मस्क ने लिखा, ÷2ञ्1 के अंतर से आपने नया राजनीतिक दल चाहा और आपको मिलेगा! आज अमेरिका पार्टी बनाई जा रही है ताकि आपकी आजादी आपको लौटाई जा सके।÷

यह ऐलान ऐसे समय पर हुआ है जब एलन मस्क और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच तनाव अपने चरम पर है। कभी ट्रंप के करीबी माने जाने वाले मस्क ने हाल ही में उनकी महा खर्चीली 'वन बिग ब्यूटीफुल बिल' की तीखी आलोचना की थी।

एलन मस्क ने ट्रंप के पिछले चुनाव प्रचार के दौरान करोड़ों डॉलर की मदद की थी। उनके कार्यकाल में बनी "Department of Government Efficiency" (DOGE) के प्रमुख भी रहे थे। लेकिन ट्रंप द्वारा हाल ही में बड़े पैमाने पर टैक्स कट और खर्चे वाले बिल पर हस्ताक्षर करने के बाद दोनों के बीच संबंध पूरी तरह टूट गए। एलन मस्क ने उस विधेयक को अमेरिका के लिए खतरा करार दिया और ऐलान किया कि वे उन सांसदों के खिलाफ खुलकर चुनावी लड़ाई में पैसे झोंकेंगे, जिन्होंने बिल को समर्थन दिया।


इसके जवाब में ट्रंप ने धमकी दी कि वे एलन मस्क की कंपनियों को मिलने वाली सरकारी सब्सिडी बंद कर सकते हैं। यहां तक कि उन्होंने यह कह दिया कि वे एलन मस्क को अमेरिका से निर्वासित करने पर विचार कर सकते हैं।

अमेरिका की स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर एलन मस्क ने एक्स पर एक पोल जारी किया था। उन्होंने लोगों से पूछा था, ÷क्या आप अमेरिका की दो-दलीय व्यवस्था से आजादी चाहते हैं?÷ इस पोल में 12 लाख से अधिक यूजर्स ने भाग लिया और भारी बहुमत से अपना समर्थन दिया।

रिपब्लिकन पार्टी को आशंका है कि एलन मस्क और डोनाल्ड ट्रंप के बीच यह 'पब्लिक ब्रेकअप' उनकी पार्टी को 2026 के मिड-टर्म चुनावों में भारी नुकसान पहुंचा सकता है। अगर एलन मस्क अपने प्रभावशाली तकनीकी नेटवर्क और धनबल से रिपब्लिकन उम्मीदवारों के खिलाफ उतरते हैं तो पार्टी की संसदीय बहुमत खतरे में पड़ सकती है।

एलन मस्क ने फिलहाल अपनी नई पार्टी के विस्तृत एजेंडे का खुलासा नहीं किया है, लेकिन उन्होंने यह साफ किया है कि यह पार्टी राजनीतिक स्वतंत्रता और सिस्टम से आजादी की बात करेगी। दोनों प्रमुख दलों (रिपब्लिकन और डेमोक्रेट्स) की विफलताओं को चुनौती देगी। टैक्सपेयर के पैसों के इस्तेमाल, शासन कुशलता और टेक्नोलॉजी आधारित गवर्नेंस पर फोकस करेगी।

# इजरायल से युद्ध के बाद पहली बार दिखे अली खामनेई, कहां छिपे थे ईरान के सुप्रीम लीडर?



**तेहरान।** इजरायल से युद्ध शुरू होने के बाद पहली बार ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई शनिवार को एक सार्वजनिक कार्यक्रम में दिखे हैं। वह आशूरा से जुड़े एक शोक समारोह में शामिल हुए। खामेनेई के सार्वजनिक रूप से सामने नहीं आने से नेतृत्व पर सवाल उठने लगे थे।

ईरानी राज्य टेलीविजन ने अशूरा के मौके पर आयोजित एक बड़े धार्मिक कार्यक्रम की फुटेज प्रसारित की, जिसमें खामेनेई काले पारंपरिक वस्त्रों में कार्यक्रम स्थल में प्रवेश करते दिखाई दिए। उपस्थित लोगों ने 'लब्बैक या हुसैन' के नारे लगाए और उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

यह सार्वजनिक उपस्थिति 13 जून को शुरू हुई जंग के बाद पहली बार है, जब खामेनेई किसी जनसमूह के बीच नजर आए। इस दौरान उन्होंने कोई प्रत्यक्ष बयान नहीं दिया था और ना ही किसी सार्वजनिक कार्यक्रम में दिखे ते। उन्होंने रिकॉर्डेड वीडियो संदेशों के जरिए ही जनता से संवाद किया था।

### क्यों छिपे थे खामेनेई?

ईरानी अधिकारियों ने पहले कहा था कि खामेनेई की गैर-मौजूदगी सुरक्षा कारणों से थी। युद्ध के पहले कुछ दिनों में जब इजरायली हवाई हमले अपने चरम पर थे, तब उनकी सुरक्षा को सर्वोपरि मानते हुए उन्हें सार्वजनिक उपस्थिति से दूर कर दिया गया। विपक्ष और अंतरराष्ट्रीय विश्लेषकों के बीच यह चर्चा जोरों पर थी कि खामेनेई किसी बंकर या सुरक्षित स्थान पर हैं। हालांकि, ईरानी प्रशासन ने बार-बार यह स्पष्ट किया कि वे स्वस्थ और नियंत्रण में हैं।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि खामेनेई की यह सार्वजनिक वापसी न केवल उनकी सुरक्षा के प्रति आत्मविश्वास को दर्शाती है, बल्कि यह ईरान की जनता और विरोधियों के लिए एक प्रतीकात्मक संदेश भी है। यह संदेश देने की कोशिश है ईरान का नेतृत्व जंग के बावजूद स्थिर और सक्रिय है।

### तुर्किये में लोकतंत्र पर वार! विपक्ष के 3 बड़े महापौर एक साथ गिरफ्तार

**अंताल्या।** दक्षिणी तुर्किये के तीन प्रमुख शहरों के महापौरों को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया गया। सरकारी मीडिया की खबर में यह जानकारी दी गई है। मार्च में इस्तांबुल के महापौर को जेल में डाले जाने के बाद से हिरासत में लिए गए विपक्षी नेताओं की संख्या बढ़ती जा रही है। समाचार एजेंसी 'अनादोलु की खबर के अनुसार अदियामन के महापौर अब्दुर्रहमान टुटडेरे और अदाना नगरपालिका के प्रमुख जेदान करालार को सुबह छापेमारी में हिरासत में लिया गया। दोनों मुख्य विपक्षी दल रिपब्लिकन पीपुल्स पार्टी या सीएचपी के सदस्य हैं।

खबर के अनुसार अंताल्या के सीएचपी महापौर मुहितिन बोसेक को अंताल्या के मुख्य लोक अभियोजक कार्यालय द्वारा एक अलग रिश्वतखोरी जांच में दो अन्य संदिग्धों के साथ गिरफ्तार किया गया। सीएचपी अधिकारियों को इस वर्ष गिरफ्तारियों का सामना करना पड़ा है। कई लोगों का मानना है कि तुर्किये की मुख्य विपक्षी पार्टी को बेअसर करने के उद्देश्य से ऐसा किया जा रहा है। सरकार इस बात पर जोर देती है कि अभियोजक और न्यायपालिका स्वतंत्र रूप से काम करें, लेकिन इस्तांबुल के महापौर एक्रेम इमामोग्लू की गिरफ्तारी के कारण सड़कों पर व्यापक स्तर पर प्रदर्शन हुआ।

# पाकिस्तान में पेट्रोल-डीजल कारों की लाइफ कितनी?

**इस्लामाबाद।** दिल्ली सरकार ने वायु प्रदूषण से निपटने के लिए पुराने वाहनों पर सख्त रुख अपनाया है। अब राजधानी में 15 साल पुराने पेट्रोल और 10 साल पुराने डीज़ल वाहनों में ईंधन भरने पर बैन लगा दिया गया है। यह नियम ऑटोमेटेड नंबर प्लेट रिकॉग्निशन कैमरों की मदद से लागू किया जा रहा है। इस कदम का मकसद दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते वायु प्रदूषण को कम करना है। हालांकि इस नियम से लोगों में नाराज़गी है लेकिन दिल्ली सरकार का कहना है कि यह कदम लोगों की सेहत के लिए ज़रूरी है।यह सवाल उठ रहा है कि क्या पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान में भी इस तरह का कोई नियम है और वहाँ पेट्रोल तथा डीज़ल कारों को लेकर क्या प्रावधान हैं।



### पाकिस्तान में भी है पुरानी गाड़ियों पर प्रतिबंध

पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान पहले से ही अत्यधिक महंगाई का सामना कर रहा है जहाँ आटे, तेल, दाल, चावल और गैस सिलेंडर जैसे मूलभूत सामानों के दाम आसमान छू रहे हैं। हाल ही में पेट्रोल और डीज़ल की कीमतों में भी उछाल आया है जिससे आम लोगों पर गहरा असर पड़ा है। पाकिस्तान में पेट्रोल और डीज़ल कारों के संबंध में कोई खास विस्तृत निर्देश तो नहीं हैं लेकिन कुछ सामान्य दिशा-निर्देश ज़रूर हैं जो कार की उम्र और इस्तेमाल को प्रभावित करते हैं।

### कितने समय तक चला सकते हैं डीज़ल-पेट्रोल गाड़ियाँ?

पाकिस्तान में भी पेट्रोल और डीज़ल कारों की अधिकतम उम्र क्रमशः 15 और 10 साल निर्धारित की गई है। 15 साल से पुरानी पेट्रोल कारें और 10 साल से पुरानी डीज़ल कारों को एंड ऑफ लाइफ वाहन माना जाता है। इन वाहनों को सार्वजनिक रूप से सड़कों पर चलाने की अनुमति नहीं है। इसका मतलब है कि 10 साल से ज़्यादा की डीज़ल कारें और 15 साल से पुरानी पेट्रोल कारें चाहे उनकी फिटनेस कैसी भी हो पाकिस्तान में प्रतिबंधित हैं।

### इलेक्ट्रिक वाहनों पर बढ़ रहा विचार

पड़ोसी मुल्क में लगातार बढ़ती महंगाई और पेट्रोल-डीज़ल के आसमान छूते दामों की वजह से वहाँ भी लोग अब इलेक्ट्रिक और सीएनजी वाहनों को अपनाने पर विचार कर रहे हैं। यह स्थिति दर्शाती है कि पर्यावरणीय चिंताएँ और आर्थिक दबाव दोनों ही देशों को पुराने वाहनों से दूरी बनाने और वैकल्पिक ईंधन स्त्रोतों की ओर बढ़ने के लिए मजबूर कर रहे हैं।

# अमेरिका बारिश, बाढ़ : गर्ल्स कैंप डूबा, 27 लड़कियां लापता

## ड्रोन-हेलिकॉप्टर से तलाश; गवर्नर बोले- बाढ़ फिर आ सकती है



**वॉशिंगटन डीसी।** अमेरिका के टेक्सास राज्य में शुक्रवार को भारी बारिश के बाद ग्वाडालूप नदी में अचानक आई बाढ़ से 51 लोगों की मौत हो गई। नदी के पास लड़कियों का एक समर कैंप था, जो बाढ़ की चपेट में आ गया। कैंप में मौजूद 750 लड़कियों को बचाया गया। जबकि लगभग 27 लड़कियां लापता हैं। अधिकारियों ने बताया कि टेक्सास के सैन एंटोनियो से लगभग 15 इंच (38 सेमी) तक बारिश हुई। महज 45 मिनट में नदी का लेवल 26 फीट (8 मीटर) बढ़ गया, जिससे घर और गाड़ियां बह गईं।

टेक्सास के गवर्नर डैन पैट्रिक ने बताया- बाढ़ का खतरा अभी भी बरकरार है। रेस्क्यू टीमें काम कर रही है। जिसमें नौ बचाव दल, 14 हेलिकॉप्टर और 12 ड्रोन शामिल है। अभी तक 850 से ज्यादा लोगों को बचाया भी गया है। पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट कर टेक्सास में आई विनाशकारी बाढ़ के कारण बच्चों की मौत पर दुख जताया। उन्होंने पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की।

**अभी भी अचानक बाढ़ का खतरा बरकरार :** टेक्सास के गवर्नर ग्रेग एबॉट ने बाढ़ के हालात को देखते हुए इमरजेंसी हालात की चेतावनी बरकरार रखा है। ग्रेग एबॉट ने कहा- हम लापता लोगों की तलाश में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। यह ऑपरेशन लगातार 24 घंटे तक चलता रहेगा। हम हर एक को ढूंढ निकालेंगे।

वहीं दूसरी तरफ अधिकारियों के मुताबिक, टेक्सास के सैन एंटोनियो के आसपास भारी बारिश के बीच 1,000 से ज्यादा रेस्क्यू वर्कर्स लापता लोगों की तलाश में जुटे हैं। फ्लैश फ्लड (अचानक बाढ़) की चेतावनी अभी बनी हुई है।

**बाढ़ से 2600 घरों की बिजली गुल**

बारिश की वजह से नदी ने लोकल नाले और जलमार्गों को उफान पर ला दिया, जिससे सड़कें डूब गईं। ट्रेलर और वाहन बह गए। सैन एंटोनियो की इमरजेंसी टीमों ने हेलिकॉप्टर और ड्रोन के जरिए तलाश और बचाव कार्य शुरू किया है।

इलाके में मौजूद लोगों ने लोकल मीडिया को बताया कि बाढ़ का पानी अचानक आया और उन्हें पेड़ों पर चढ़कर जान बचानी पड़ी। बाढ़ की वजह से बिजली लाइनें गिर गईं और कर्विल के आसपास के इलाकों में लगभग 2,600 घरों की बिजली गुल हो गई।

# डोनाल्ड ट्रंप की सुरक्षा में चूक, गोल्फ क्लब के ऊपर आया विमान



**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सुरक्षा में भारी चूक की घटना सामने आई है। अमेरिकी वायु रक्षा एजेंसी नॉर्थ अमेरिकन एयरोस्पेस डिफेंस कमांड ने शनिवार को एक नागरिक विमान को स्न-16 फाइटर जेट की मदद से इंटरसेप्ट किया। यह विमान पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बेडमिंस्टर स्थित गोल्फ क्लब के ऊपर से उड़ान भर रहा था, जो कि उस समय अस्थायी नो-फ्लाई जोन घोषित किया गया था। NORAD के मुताबिक, यह दिन भर में पांचवीं ऐसी घुसपैठ थी। इंटरसेप्ट के दौरान F-16 ने हेडबट रणनीति अपनाई, जिसमें लड़ाकू विमान नागरिक विमान के आगे उड़ता है ताकि उसकी ओर ध्यान आकर्षित हो सके। इसके बाद विमान को सुरक्षित रूप से वर्जित हवाई क्षेत्र से बाहर निकाल दिया गया।

आपको बता दें कि राष्ट्रपति ट्रंप इन दिनों छुट्टियां मनाने के लिए न्यू जर्सी में हैं। उनकी मौजूदगी के चलते यह हवाई क्षेत्र अस्थायी रूप से प्रतिबंधित किया गया था। हालांकि, अधिकारियों ने बताया कि इस घटना से ट्रंप की सुरक्षा या कार्यक्रम पर कोई असर नहीं पड़ा।

इससे पहले मार्च महीने में भी फ्लोरिडा में उनके निवास मार-ए-लागो के ऊपर नो-फ्लाई जोन का उल्लंघन हुआ था। तब भी स्न-16 विमानों को भेजा गया था और फ्लेयर छोड़कर नागरिक विमान को चेतावनी दी गई थी।

NORAD ने बढ़ती घटनाओं पर चिंता जताई है और सभी पायलटों से आग्रह किया है कि वे उड़ान भरने से पहले NOTAMs (नोटिस टू एयरमेन) और ञ्जस्नक्र (टेम्परी फ्लाइट रेस्ट्रिक्शन) की जानकारी अवश्य लें। कमांडर जनरल ग्रेगरी गिलॉट ने कहा, ÷TFR नियमों का पालन आवश्यक है ताकि विमानन सुरक्षा, राष्ट्रीय सुरक्षा और राष्ट्रपति की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।जनवरी 2025 से अब तक ऐसी कई घटनाएं सामने आई हैं, जिनमें नागरिक विमानों ने जानबूझकर या अनजाने में नो-फ्लाई जोन का उल्लंघन किया है। अधिकतर मामलों में पायलटों को उचित जानकारी न होने के कारण ये घटनाएं होती हैं। आपको बता दें कि अमेरिका में गर्मी छुट्टी और स्वतंत्रता दिवस के कारण हाल के हफ्तों में निजी विमानों की आवाजाही बढ़ी है, जिससे इन क्षेत्रों में सतर्कता और भी जरूरी हो गई है।

# दुनिया भर में घट रही है प्रजनन दर, रूस ही नहीं ये देश भी बच्चे पैदा करने के लिए दे रहे हैं प्रोत्साहन

**मास्को।** रूस के कुछ हिस्सों में गर्भवती होने वाली स्कूल की लड़कियों को एक लाख रूबल (करीब 1,08,500 रुपये से) अधिक का भुगतान किया जा रहा है, ताकि वे बच्चों को जन्म दें और उनका पालन-पोषण करें। इसे प्रोनैटलिज्म कहा जाता है। यह प्रोत्साहन रूस की नई जनसांख्यिकीय रणनीति का हिस्सा है। यह नीति मार्च 2025 में वयस्क महिलाओं के लिए लागू की गई थी और इसका उद्देश्य देश की जन्म दर में हो रहे नाटकीय गिरावट पर अंकुश लगाना है।

2023 में रूस में प्रति महिला जन्म की संख्या 1.41 थी, जो जनसंख्या को स्थिर रखने के लिए जरूरी 2.05 के स्तर से काफी कम है। किशोर लड़कियों को बच्चों को जन्म देने के लिए पैसे देना रूस में विवादास्पद है।



हालिया सर्वेक्षण के अनुसार, 43 प्रतिशत रूसी नागरिकों ने इस नीति का समर्थन किया है, जबकि 40 प्रतिशत इसके खिलाफ हैं। यह इस बात का संकेत है कि राज्य बच्चों की संख्या बढ़ाने को कितनी प्राथमिकता देता है।

युद्ध की वजह से घटी रूस की जनसंख्या
रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन एक बड़ी जनसंख्या को एक समृद्ध महान शक्ति के संकेतों में से एक मानते हैं। हालांकि, यूक्रेन पर हमले और उसके क्षेत्र पर कब्जा करने के प्रयासों ने रूस की जनसंख्या को घटाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। युद्ध में मारे गए रूसी सैनिकों की संख्या 2,50,000 तक पहुंच गई है। हालांकि युद्ध की वजह से बड़ी संख्या में शिक्षित रूसी नागरिक देश छोड़ की चले गए हें।

रूस की जनसांख्यिकीय स्थिति अत्यंत गंभीर है, लेकिन जन्म दर में गिरावट अब एक वैश्विक प्रवृत्ति बन गई है। अनुमान है कि 2050 तक दुनिया के तीन चौथाई से अधिक देशों में इतनी कम प्रजनन दर होगी कि वे अपनी जनसंख्या को बनाए नहीं रख पाएंगे।

पुतिन अकेले नहीं हैं। विश्व के अन्य नेता भी महिलाओं को अधिक बच्चे पैदा करने के लिए प्रोत्साहित करने वाली नीतियां लागू कर रहे हैं। हंगरी में विक्टर ओर्बन की सरकार तीन या अधिक बच्चों वाले परिवारों को कर में छूट और सब्सिडी जैसे प्रोत्साहन दे रही है। पोलैंड में दो या अधिक बच्चों वाले परिवारों को प्रति बच्चे 500 ज्लाटी (101) का मासिक भुगतान किया जाता है।अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप महिलाओं को बच्चे पैदा करने के लिए 5,000 डलर भुगतान करने का प्रस्ताव दे रहे हैं। उनका यह प्रस्ताव मेक अमेरिका ग्रेट अगेन को बढ़ावा देने से जुड़ा है। एलन मस्क और दूसरे लोगों ने भी इसका समर्थन किया है। इस प्रयास का मकसद महिलाओं को बड़े परिवार के लिए प्रेरित करना है।विश्व में प्रोनैटलिज्म की नीतियों का प्रभाव मिश्रित रहा है। कोई भी देश जन्म दर में गिरावट को उलटने का आसान तरीका नहीं खोज पाया है।

# भारत की इंग्लैंड पर दूसरे टेस्ट में शानदार जीत के दौरान बने 7 अविश्वसनीय रिकॉर्ड्स

**बर्मिंघम (एजेंसी)।** इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज के दूसरे टेस्ट में भारत ने बड़ी जीत दर्ज करते हुए सीरीज 1-1 से बराबर की। भारत ने एजबेस्टन टेस्ट की पहली इनिंग में गिल के दोहरे शतक (269) की बदौलत 587 रन बनाए। इसके जवाब में भारत ने शानदार गेंदबाजी करते हुए मोहम्मद सिराज के 6 विकेटों की बदौलत इंग्लैंड को 407 पर ढेर कर 180 रन की बढ़त बनाई।

दूसरी इनिंग में गिल (161) ने एक बार फिर बड़ी पारी जिससे टीम ने 427/6 का स्कोर बनाते हुए इंग्लैंड के सामने 608 रन का लक्ष्य रखा। एक बार फिर गेंदबाजों ने शुरू से ही दबाव की रणनीति अपनाई और इस बार आकाश दीप के 6 विकेटों की बदौलत इंग्लैंड को 271 रन पर ढेर कर 336 रन से बड़ी जीत दर्ज की। इस मैच में एक-दो नहीं, बल्कि 7 अविश्वसनीय रिकॉर्ड्स बने हैं। आइए जानते हैं इनके बारे में -

1. युवा भारतीय ओपनर यशस्वी जायसवाल महज 23 साल और 188 दिन की उम्र में 2000 टेस्ट रन पूरे कर लिए हैं। सचिन तेंदुलकर (20 साल, 330 दिन) के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाले दूसरे सबसे युवा भारतीय बन गए हैं। अब वह भारत के लिए 2000 रन बनाने वाले सबसे युवा ओपनर हैं और विश्व में ऐसा करने वाले दक्षिण अफ्रीका के ग्रीम स्मिथ (23 साल, 58 दिन) के बाद दूसरे सबसे युवा ओपनर हैं।

2. ऋषभ पंत घर से बाहर सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले भारतीय बन गए हैं। उन्होंने इंग्लैंड में अब तक 24 छक्के लगाए हैं।

3. इंग्लैंड ने दो 150+ स्कोर के साथ सबसे कम स्कोर का रिकॉर्ड बनाया है। एजबेस्टन में तीसरे दिन इंग्लैंड ने 407 रन बनाए जिसमें जेमी स्मिथ के 184* और हैरी ब्रूक के 158 रन थे। हालांकि इस दौरान इंग्लैंड ने पहली पारी में 6 डक भी हुए जो 407 के सबसे कम ऑल-आउट स्कोर का प्रमाण बना।

4. इंग्लैंड के कप्तान ने बेन स्टोक्स बल्ले से अब तक दमदार श्रृंखला खेली है और पहली पारी में गोल्डन डक पर आउट हुए। यह क्रीज पर अपने 201 टेस्ट मैचों में पहली बार हुआ। केवल राहुल द्रविड़ (286) और डेविड गॉवर (204) ही अपने पहले गोल्डन डक से पहले लंबे समय तक रन बना पाए थे। स्टोक्स पहली पारी में मोहम्मद सिराज की पहली गेंद पर पंत के हाथों कैच आउट हुए थे।

5. भारत के 1849 रन किसी भी टीम द्वारा सीरीज के पहले दो टेस्ट में बनाए गए सबसे ज्यादा रन हैं। शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल और ऋषभ पंत की तिकड़ी शानदार फॉर्म में है और इसी का परिणाम यह रिकॉर्ड है।

6. भारत ने बर्मिंघम में 1014 रन के साथ एक टेस्ट मैच में अपना सर्वोच्च टीम स्कोर बनाया है। आश्चर्यजनक रूप से भारतीय कप्तान गिल ने रिकॉर्ड तोड़ पारी खेली जिसमें उन्होंने अपने देश के लिए 1014 रनों में से 430 रन बनाए, जिससे एजबेस्टन की




भीड़ प्रशंसा में ताली बजाने पर मजबूर हो गई।

7. शोएब बशीर ने टेस्ट में किसी अंग्रेज गेंदबाज द्वारा दूसरा सबसे अधिक 286 रन दिए हैं। बशीर के लिए यह एक और कठिन टेस्ट रहा जिसमें ऑफ स्पिनर ने 5/286 के मैच के आंकड़ों के साथ भारत की स्टार पावर को रोकने के लिए संघर्ष किया। उनके महंगे आंकड़े टेस्ट मैच में किसी अंग्रेज गेंदबाज द्वारा दिए गए सबसे अधिक रनों से केवल चार रन कम थे।

## पृथ्वी शॉ महाराष्ट्र के साथ नई शुरूआत करेंगे, 2025-26 सत्र से पहले टीम से जुड़े




**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय बल्लेबाज और मुंबई के पूर्व खिलाड़ी पृथ्वी शॉ आगामी घरेलू सत्र के लिए सोमवार को महाराष्ट्र की टीम के साथ जुड़ गए। महाराष्ट्र क्रिकेट संघ ने इसकी घोषणा की। शॉ ने किसी और राज्य का प्रतिनिधित्व करने के लिए पिछले महीने मुंबई क्रिकेट संघ से अनापत्ति प्रमाण पत्र (ह्लह्रष्ट) की मांग की थी, जिस पर उसकी संचालन समिति ने मुहर लगा दी थी।

शॉ को खराब फिटनेस और अनुशासन संबंधी मुद्दों के कारण मुंबई की लाल गेंद टीम से बाहर कर दिया गया था। उन्होंने मुंबई के लिए अपना पिछला मैच मध्य प्रदेश के खिलाफ सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी के फाइनल में खेला था। महाराष्ट्र क्रिकेट संघ ने कहा, 'अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर और भारतीय टीम के शीर्ष क्रम के आक्रामक बल्लेबाज पृथ्वी शॉ आधिकारिक तौर पर मुंबई क्रिकेट संघ से अलग हो गए हैं और वह आगामी घरेलू सत्र में महाराष्ट्र क्रिकेट संघ का प्रतिनिधित्व करेंगे।'

उन्होंने कहा, 'इस रणनीतिक बदलाव को भारतीय घरेलू क्रिकेट में एक महत्वपूर्ण विकास के रूप में देखा जा रहा है, जिससे महाराष्ट्र की टीम और मजबूत होगी। शॉ ने टेस्ट, वनडे और टी20 तीनों प्रारूपों में भारत का प्रतिनिधित्व किया है और अपनी आक्रामक बल्लेबाजी और मैच जीतने की क्षमता से इंडियन प्रीमियर लीग और घरेलू क्रिकेट में लगातार प्रभावित किया है।'

शॉ ने कहा कि यह कदम उन्हें क्रिकेटर के तौर पर आगे बढ़ने में मदद करेगा। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि करियर के इस पड़ाव पर महाराष्ट्र की टीम से जुड़ने से मुझे क्रिकेटर के तौर पर आगे बढ़ने में मदद मिलेगी। मैं पिछले कुछ वर्षों में मुंबई क्रिकेट संघ की तरफ से मिले मौके और समर्थन के लिए आभारी रहूंगा।'

महाराष्ट्र क्रिकेट संघ के अध्यक्ष रोहित पवार ने कहा, 'उनके शामिल होने से रुतुराज गायकवाड़, अंकित बावने, राहुल त्रिपाठी, मुकेश चौधरी और रजनीश गुरबानी जैसे अनुभवी खिलाड़ियों वाली पहले से ही प्रतिभाशाली टीम की मजबूती और बढ़ेगी। शॉ का अंतरराष्ट्रीय और आईपीएल अनुभव खासकर टीम में युवा खिलाड़ियों को सलाह देने के लिए अमूल्य होगा।'

## सचिन ने नये कप्तान शुभमन को पहली जीत पर बधाई दी

### -आकाशदीप की विशेष रुप से सराहना की

**मुम्बई (एजेंसी)।** महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने भारतीय टेस्ट टीम के नये कप्तान शुभमन गिल को उनकी पहली जीत के लिए बधाई दी है। शुभमन की कप्तानी में भारतीय टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ 336 रनों की रिकार्ड जीत दर्ज की है। सचिन ने इस मैच में 10 विकेट लेकर भारतीय टीम की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले युवा तेज गेंदबाज आकाशदीप सिंह की भी जमकर प्रशंसा की है। वहीं शुभमन ने पहली पारी में दोहरा शतक और दूसरी पारी में शतक लगाया था। सचिन ने इस मैच में अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभमन के अलावा अक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत, केएल राहुल और ऑलराउंडर रविन्द्र जडेजा को भी सराहा। इसके अलावा मोहम्मद सिराज को शानदार कैच के लिए विशेष बधाई दी। सिराज ने मेजबान बल्लेबाज जोश टंग का बेहद कठिन कैच लिया था। उन्होंने लिखा,÷ शुभमन भारतीय टीम को शानदार टेस्ट जीत दिलाने के लिए बधाई हो। उन्होंने इसके साथ ही ऋषभ पंत, राहुल, और जडेजा की भी तारीफ की। ÷तेंदुलकर ने साथ ही कहा,÷ गेंदबाजों ने जिस तरीके से सटीक गेंदबाजी की, वह मुझे सबसे अच्छी लगी। आकाश दीप ने अपने प्रदर्शन से जीत जीत लिया। मेरे अनुसार उन्होंने जो रूट को सीरीज की अब तक की सबसे अच्छी गेंद की थी। इस मैच में सिराज ने वह कमाल सिराज ने पहली पारी में छह विकेट लिए जबकि आकाश दीप ने पहली पारी में चार जबकि दूसरी पारी में छह विकेट लिए।

## डीपीएल नीलामी में दिग्वेश राठी पर लगी भारी भरकम बोली, आईपीएल 2025 से ज्यादा मिलेंगे पैसे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** स्पोर्ट्स डेस्क ¬मिस्ट्री स्पिनर दिग्वेश राठी को दिल्ली प्रीमियर लीग में भारी भरकम कीमत पर खरीदा गया है। हैरानी की बात यह है कि उन्हें DPL में इंडियन प्रीमिर लीग 2025 से ज्यादा पैसे मिलेंगे। दिग्वेश को IPL में 30 लाख रुपए में खरीदा गया था जबकि DPL में उन पर 38 लाख रुपए की बोली लगी जिससे जोकि दूसरी सबसे ऊंची बोली थी।

दिग्वेश ने साउथ दिल्ली सुपरस्टार ने 38 लाख रुपए में खरीदा है। उन्हें खरीदने का मुख्य कारण IPL में उनकी सफलता है। IPL 2025 में लखनऊ सुपर जाइंट्स (LSG) के लिए खेलते हुए दिग्वेश ने टीम के लिए सबसे ज्यादा 14 विकेट अपने नाम किए



और यही नीलामी में उनकी भारी भरकम बोली की एक बड़ी वजह रही। दिग्वेश ने IPL 2025 में 13 मैचों में 52 ओवर डाले। इस दौरान उन्होंने 429 रन लुटाते हुए 30/2 के साथ 8.25 की इकोनॉमी से 14 विकेट चटकाए।

राठी DPL 2024 में भी खेल चुके हैं। उन्होंने साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स के लिए खेलते 10 मैचों में 7.82 की इकॉनमी रेट और 21.71 की गेंदबाजी औसत के साथ 14 विकेट लिए जो टूर्नामेंट में पांचवें सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले और स्पिनरों में दूसरे स्थान पर रहे। विशेष रूप से उन्होंने एक उच्च स्कोरिंग मैच के दौरान भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को नियंत्रण में रखा, जिसमें अतिरिक्त उछाल निकालने और रन फ्लो को नियंत्रित करने की उनकी क्षमता का पता चलता है।

इस बीच तेज गेंदबाज सिमरजीत सिंह DPL 2025 की नीलामी में सबसे महंगे खिलाड़ी बने। सेंट्रल दिल्ली किंग्स ने तेज गेंदबाज को 39 लाख रुपए में साइन किया। ऋषभ पंत को पुरानी दिल्ली 6 ने आधिकारिक तौर पर नीलामी से पहले उन्हें अपने मार्की खिलाड़ी के रूप में बनाए रखा था। इसके अलावा भारत के धमाकेदार ओपनर बल्लेबाज और पूर्व ओपनर वीरेंद्र सहवाग के बेटे आर्यवीर को सेंट्रल दिल्ली किंग्स ने 8 लाख रुपए की मोटी रकम में खरीदा।

## अगले माह खेला जाएगा सुपर60 यूएसए लीजेंड्स टूर्नामेंट

नई दिल्ली । सुपर60 यूएसए लीजेंड्स टूर्नामेंट अगले माह 5 से 16 अगस्त तक अमेरिका में खेला जाएगा । इसमें दुनिया भर के दिग्गज क्रिकेटरों के साथ ही भारत के हरभजन सिंह और कुछ अन्य क्रिकेटर भी शामिल होंगे । इस टूर्नामेंट में हरभजन के अलावा शिखर धवन व रॉबिन उथप्पा भी खेलेंगे । इन सभी पूर्व क्रिकेटरों ने कहा कि इस टूर्नामेंट में खेलने का अवसर मिलने से वह उत्साहित हैं । हरभजन ने कहा, मैं सुपर 60 यूएसए लीजेंड्स टूर्नामेंट का हिस्सा बनकर बेहद खुश हूं । यह एक अनूठा और विशिष्ट प्रारूप है जो खेल में नयापन लाने का वादा करता है। अंतरराष्ट्रीय दिग्गजों की भागीदारी के साथ, यह टूर्नामेंट अमेरिका में क्रिकेट की लोकप्रियता बढ़ाएगा। लोकप्रिय बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है । वहींधवन ने कहा, सुपर 60 यूएसए लीजेंड्स टूर्नामेंट में शामिल होना बढ़ते क्रिकेट समुदाय में प्रशंसकों से जुड़ने का एक अच्छा अवसर है । अंतरराष्ट्रीय सितारों और एक नए आकर्षक प्रारूप के साथ इस आयोजन से अमेरिका में क्रिकेट को मुख्यधारा में लाने की राह बनेगी ।

## अब केरल क्रिकेट लीग में खेलते नजर आयेंगे सैमसन

तिरुवनंतपुरम । भारतीय टीम से बाहर चल रहे अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन अब केरल क्रिकेट लीग (केसीएल) के दूसरे सत्र में खेलते हुए नजर आयेंगे । सैमसन को कोच्चि ब्लू टाइगर्स ने उन्हें 26.60 लाख रुपये में शामिल किया है । इससे सैमसन अब इस लीग के सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए हैं। तीन लाख आधार मूल्य वाले सैमसन को कोच्चि ने सबसे अधिक रकम देकर जोड़ा है। कोच्चि ब्लू टाइगर्स के पास कुल 50 लाख की राशि थी जिसमें उसे उसने आधी सैमसन पर




ही लगा दी । पिछले साल सैमसन को केरल क्रिकेट लीग का ब्रांड एंबेसडर घोषित किया गया था पर अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में व्यस्त रहने के कारण ही वह इस सत्र में कोई मैच नहीं खेल पाये थे । वहीं विष्णु विनोद को एरीज कोल्लम ने विष्णु विनोद को 13.8 लाख रुपये में खरीदा था। वहीं अनुभवी ऑलराउंडर जलज सक्सेना को एलेप्पी रिपल्स ने 12.4 लाख रुपये में खरीदा। सैमसन ने अंतिम बार आईपीएल 2025 में राजस्थान रॉयल्स की ओर से खेला था । 18वें सत्र में फिटनेस कारणों से वह कई मुकाबले में नहीं खेल पाये थे । ऐसे में रियान पराग को राजस्थान रॉयल्स की कप्तानी दी गयी थी ।

## भारतीय टीम हर क्षेत्र में बेहतर रही, आकाशदीप ने अंतर पैदा किया : स्टोक्स

**बर्मिंघम (एजेंसी)।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम के कप्तान बेन स्टोक्स ने माना है कि भारतीय टीम हर क्षेत्र में उनसे बेहतर रही और इसी कारण उसे बड़ी जीत मिली है। स्टोक्स ने कहा कि तेज गेंदबाज आकाशदीप ने अपने आसाधारण प्रदर्शन से मैच में अंतर पैदा किया। आकाशदीप ने इस मैच में कुल 10 विकेट लेकर मेजबान टीम की कमर तोड़ दी। पांच मैच की सीरीज अब 1-1 से बराबर है और तीसरा टेस्ट 10 जुलाई से लॉर्ड्स में खेला जाएगा।

स्टोक्स ने कहा, ''मुझे लगता है कि आकाशदीप ने पिच पर पड़ी दरार का अच्छा इस्तेमाल किया। लगातार कोण बदलने और उसका उपयोग करने की




उसकी क्षमता अद्भुत है और इसके बाद भी वह सटीक है। वह उस दरार पर ध्यान केंद्रित कर रहा था। आज सुबह हैरी ब्रूक जिस गेंद पर आउट हुआ उस पर कोई भी बल्लेबाज कुछ नहीं कर सकता था।'' उन्होंने कहा, ''जब जेमी स्मिथ ने शुरुआत में कुछ रन बनाए, तब मैं दूसरे छोर पर खड़ा था। गेंद एक फुट की दूरी पर थी। आकाश ने जिस तरह से क्रीज पर कोण बदलते हुए गेंदबाजी की। उससे पता चलता है कि वह विश्व स्तरीय कौशल वाला गेंदबाज है।''

साथ ही कहा कि उनी टीम ड्रॉ में विश्वास नहीं करती पर माना कि इस मैच में लक्ष्य असंभव था। उन्होंने कहा, ''300 या इससे अधिक रन से हारना वास्तव में बहुत बड़ा अंतर है। जब हम बल्लेबाजी करने उतरे तो हमें पता था कि हमारे सामने क्या चुनौती है। वहीं पहले तीन विकेट और आज सुबह दो क्रिकेट जल्दी खोने से सब कुछ बदल गया।''

## अब फिल्मों में नजर आयेंगे रैना

मुंबई। पूर्व क्रिकेटर और चेन्नई सुपर किंग्स के अनुभवी खिलाड़ी सुरेश रैना अब फिल्मों में डेब्यू करने जा रहे हैं । खेल के मैदान पर अपनी चमक बिखेरने के बाद अब रैना अब तमिल फिल्म में नजर आयेंगे। रैना तमिल फिल्म इंडस्ट्री में ड्रीम नाइट स्टोरीज के बैनर तले बनने वाली एक फिल्म से सिल्वर स्क्रीन पर दिखेंगे। अनुमान है कि ये फिल्म क्रिकेट को लेकर है। इसको लेकर आये एक वीडियो में रैना को क्रिकेट स्टेडियम में प्रवेश करते हुए देखा जा सकता है, जहां प्रशंसक उनका जोश के साथ स्वागत कर रहे हैं । टीजर को शेयर करते हुए प्रोडक्शन टीम ने लिखा, चिन्ना थाला सुरेश रैना का स्वागत है ।卐 गौरतलब है कि रैना को उनके प्रशंसक प्यार से 'चिन्ना थाला' कहते हैं, और चेन्नई सुपर किंग्स के लिए



उनके योगदान की वजह से तमिलनाडु में उनकी जबरदस्त मांग है । इस फिल्क का टाइटल अभी तक सामने नहीं आया है पर टीजर को देखकर अंदाजा लगाया जा रहा है कि ये फिल्म क्रिकेट पर आधारित हो सकती है । फिल्म का निर्देशन लोगन कर रहे हैं और इसे श्रवण कुमार डीकेएस बैनर के तहत प्रोड्यूस कर रहे हैं ।रैना के फिल्म में आने की जानकारी से प्रशंसक बेहद खुश हैं । सोशल मीडिया पर लोग रैना को कॉलीवुड में वेलकम कर रहे हैं ।

## विराट ने भारतीय टीम की जीत का श्रेय शुभमन, सिराज और आकाशदीप को दिया

नई दिल्ली । भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने इंग्लैंड के खिलाफ मिली 336 रनों की रिकार्ड जीत पर खुशी जताते हुए इसका श्रेय शुभमन गिल के अलावा मोहम्मद सिराज और आकाशदीप सिंह को दिया है । कोहली ने सोशल मीडिया में लिखा , 卐एजबेस्टन में भारत की शानदार जीत । निडरता से खेले और इंग्लैंड पर लगातार दबाव बनाये रखा । शुभमन ने बल्ले और फील्डिंग में शानदार प्रदर्शन किया और सभी खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया । सिराज और आकाश ने इस पिच पर जिस तरह की गेंदबाजी की, उसके लिए वह प्रशंसा के पात्र हैं ।卐 वहीं शुभमन ने पहली पारी में दोहरा शतक लगाने के बाद दूसरी पारी में 161 रन बनाकर इंग्लैंड को कोई अवसर नहीं दिया । शुभमन इसी के साथ ही एक टेस्ट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बने हैं । वहीं सिराज ने पहली पारी में 6 विकेट लिए । आकाशदीप पहली पारी में 5 विकेट हॉल से एक कदम विकेट से ही दूर थे पर उन्होंने दूसरी पारी में 6 विकेट लेकर कमी पूरी कर दी । आकाशदीप को बेहतरीन प्रदर्शन के लिए बधाई । इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम ने शुभमन के दोहरे से 587 रन बोर्ड पर लगाए थे, जिसके बाद मेजबान टीम इंग्लैंड 407 रन ही बना पायी जिससे भारतीय टीम को अच्छी खासी बढ़त मिल गयी थी । जिसका लाभ उठाकर उसने दूसरी पारी में 427 रन बनाकर मेजबान टीम को 608 रनों को बेहद कठिन लक्ष्य दिया था ।



## खेल नीति में बदलाव से भारतीय फुटबॉल को मिलेंगी नई प्रतिभाएं : एआईएफएफ प्रमुख



कोलकाता । भारतीय फुटबॉल संध (एआईएफएफ) अध्यक्ष कल्याण चौबे ने विदेशों मे रहने वाले भारतीय मूल के खिलाड़ियों को देश की ओर से खेलने की अनुमति दिये जाने को एक सही कदम बताया है । चौबे ने कहा कि इससे भारतीय फुटबॉल टीम को लाभ होगा और उसे अच्छी प्रतिभाएं मिलेंगी । उन्होंने इसकी राह में आने वाली बाधाओं को भी दूर किये जाने की जरुरत बतायी है । गौरतलब है कि नई राष्ट्रीय खेल नीति को एक जुलाई को कैबिनेट की मंजूरी मिल गयी थी । इसके अब विदेशों में रहने वाले भारतीय मूल के खिलाड़ियों के पास देश से खेलने का अवसर हैं। वहीं अब तक केवल भारतीय पासपोर्ट रखने वाले खिलाड़ी ही देश का प्रतिनिधित्व कर सकते थे । चौबे ने कहा, ''जब राष्ट्रीय टीम के प्रदर्शन की बात आती है तो खेल नीति में प्रवासी प्रतिभाओं तक अब हमारी पहुंच बनेगी । मुझे खुशी है कि नीति में इसका संदर्भ शामिल है ।'' उन्होंने कहा, ''यह सकारात्मक बयान है। एआईएफएफ फीफा और सरकार के साथ मिलकर राष्ट्रीय टीम को मजबूत करने के लिए हर संभव प्रयास करना जारी रखेगा ।'' उन्होंने कहा कि पिछले कुछ समय से विदेशों में रह रहे भारतीय मूल के लोगों को टीम से जोड़ने की मांग उठी है । साथ ही कहा कि मलेशिया, हांगकांग, सहित कई देशों ने अपनी टीमों में दोहरी नागरिकता वाले खिलाड़ियों को शामिल किया है । '' वहीं साल 2008 में प्रवासियों को देश का प्रतिनिधित्व करने से रोक दिया गया था जिससे देश के मिलने वाली कई प्रतिभाएं उससे जुड़ नहीं पायीं । खेलो भारत नीति में कहा गया है कि खेल भारतीय प्रवासियों और देश के बीच संबंध बेहतर बनाने का जरिया बन सकता है ।

## 44 साल के हुए धोनी : 'थाला' के शानदार करियर, उपलब्धियों और रिकॉर्ड्स पर डालें नजर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 'थाला', कैप्टन कूल नाम से जाने जाते महान विश्व कप विजेता कप्तान एमएस धोनी सोमवार को 44 साल के हो गए है। हाल ही में आईसीसी हॉल ऑफ फेमर में शामिल होने धोनी अपने शांत स्वभाव और अपनी सामरिक उत्कृष्टता के लिए जाने जाते हैं, ने 2004 में अपने अंतरराष्ट्रीय पदार्पण से लेकर अब तक इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में चेन्नई सुपर किंग्स के साथ अपने करियर के इन आखिरी कुछ वर्षों के दौरान अपनी अलग छाप छोड़ी है।

भारत के लिए 17,266 अंतरराष्ट्रीय रन, 829 आउट और विभिन्न प्रारूपों में 538 मैचों के साथ धोनी न केवल दुनिया के महानतम खिलाड़ियों में से एक हैं, बल्कि एक क्रांतिकारी भी हैं। ऑस्ट्रेलिया के एडम गिलक्रिस्ट के अलावा, वे पहले विकेटकीपर-बल्लेबाजों में से एक थे जिन्होंने दुनिया को दिखाया कि विकेटकीपर वास्तव में अच्छी बल्लेबाजी कर सकते हैं। ऐसे समय में जब विकेटकीपर से कैचिंग और स्टंपिंग की न्यूनतम आवश्यकता होती थी, धोनी ने शीर्ष क्रम के बल्लेबाजी दिग्गज की निरंतरता और भूख के साथ रन बनाते हुए सीमा को और आगे बढ़ाया। उन्होंने युवराज सिंह और सुरेश रैना के साथ एक मजबूत मध्य-क्रम बनाया।

### वनडे क्रिकेट

धोनी का सबसे मजबूत प्रारूप वनडे है। उन्होंने 350 वनडे में 50.57 की औसत से 10,773 रन बनाए। उन्होंने भारत के लिए 10 शतक और 73 अर्द्धशतक बनाए, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 183* रहा। वे वनडे में भारत के छठे सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं (सचिन तेंदुलकर 18,426 रन के साथ शीर्ष पर हैं)। तथ्य यह है कि वे निचले क्रम में आते हुए 50 से ज़्यादा की औसत से 10,000 से ज़्यादा रन बनाने में सफल रहे जिससे उनके आंकड़े और भी आश्चर्यजनक हो जाते हैं। उन्होंने 200 वनडे मैचों में भारत का नेतृत्व किया जिसमें 110 जीते और 74 हारे, पांच मैच बराबर रहे, जबकि 11 का कोई नतीजा नहीं निकला। उनकी जीत का प्रतिशत 55 है। धोनी ने कप्तान के तौर पर भारत के लिए ICC क्रिकेट विश्व कप 2011 और ICC चैंपियंस ट्रॉफी 2013 जीती है।

### टी20 क्रिकेट

चेन्नई सुपर किंग्स के 'थाला' (नेता) के रूप में मशहूर धोनी ने भारत के लिए 98 टी20आई खेले जिसमें उन्होंने 37.60 की औसत और 126.13 के स्ट्राइक रेट से 1,617 रन बनाए। उन्होंने इस प्रारूप में दो अर्धशतक लगाए हैं, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 56 रहा है। वे भारत की आईसीसी टी20 विश्व विजेता 2007 विजेता टीम के विजयी कप्तान थे। 'माही' ने 72 टी20आई में भारत का नेतृत्व किया, जिसमें 41 जीते, 28 हारे, एक टाई रहा और दो असफल रहे। उनकी जीत का प्रतिशत 56.94 है।

### टेस्ट क्रिकेट

क्रिकेट के सबसे लंबे प्रारूप टेस्ट के करियर की बात करें तो धोनी ने 90 मैच खेले, जिसमें उन्होंने 38.09 की औसत से 4,876 रन बनाए। उन्होंने छह शतक और 33 अर्धशतक बनाए, जिसमें 224 का सर्वश्रेष्ठ स्कोर रहा। वह टेस्ट में भारत के लिए 14वें सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। एक कप्तान के रूप में उन्होंने 60 टेस्ट मैचों में भारत का नेतृत्व किया, जिसमें से उन्होंने 27 मैच जीते, 18 हारे और 15 ड्रॉ रहे। 45.00 के जीत प्रतिशत के साथ वह सभी युगों में भारत के सबसे सफल कप्तानों में से एक हैं।

### टेस्ट रैंकिंग में भारत को बनाया नंबर 1

धोनी ने टीम इंडिया को ICC टेस्ट रैंकिंग में नंबर एक रैंकिंग पर पहुंचाया। वह बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया को वाइटवॉश करने वाले एकमात्र भारतीय कप्तान भी हैं, उन्होंने ऐसा 2010-11 और 2012-13 सीरीज में किया था। धोनी फ्रैंचाइजी क्रिकेट में भी उतने ही प्रतिष्ठित हैं, जो आईपीएल इतिहास में छठे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं जिन्होंने 278 मैचों में 38.30 की औसत से 5,439 रन बनाए हैं जिसमें 24 अर्द्धशतक शामिल हैं, और उनका स्ट्राइक रेट 137 से अधिक है।

### 5 आईपीएल और दो चैंपियंस लीग टी20 खिताब

उन्होंने ष्टस्य के साथ 5 आईपीएल खिताब



और दो चैंपियंस लीग टी20 खिताब हासिल किए हैं जिससे यह फ्रैंचाइज़ी खेल की दुनिया में सबसे लोकप्रिय संस्थाओं में से एक बन गई है, जो काफी हद तक उनके अपने ब्रांड और नाम के आधार पर है। जब बल्लेबाजी के दिग्गज बल्लेबाजी के संभावित मौके के लिए तैयार होकर अपने ड्रेसिंग रूम के अंदर भी दिखाई देते हैं, तो भीड़ उनका अनुसरण करती है और विभिन्न फैन क्लब एक साथ 'धोनी' 'धोनी' का नारा लगाते हैं। जब धोनी 2004 में राष्ट्रीय टीम में शामिल हुए तो किसी ने भी कल्पना नहीं की थी कि 23 वर्षीय यह खिलाड़ी विकेटकीपर-बल्लेबाज के रूप में किन ऊंचाइयों को हासिल करेगा।



# अर्जुन कपूर की बहन अंशुला ने बॉयफ्रेंड रोहन ठक्कर से की सगाई

अर्जुन कपूर की बहन अंशुला कपूर ने आज फैंस के साथ एक खुशखबरी शेयर की है। उन्होंने अपने बॉयफ्रेंड रोहन ठक्कर के साथ सगाई की है। अंशुला ने खूबसूरत फोटोज शेयर करते हुए रोहन और अपनी लव स्टोरी भी फैंस के साथ शेयर की है। उन्होंने बताया कि दोनों की मुलाकात एक एप के जरिए हुई। कपल ने न्यूयॉर्क में सगाई की है। अंशुला ने इंस्टाग्राम अकाउंट से सगाई की फोटोज शेयर की हैं। इनमें वे और रोहन मंगनी की अंगूठियां फ्लॉन्ट करते दिख रहे हैं। रोहन ने घुटनों के बल बैठकर फिल्मी स्टाइल में अंशुला को रिंग पहनाई और इसके बाद दोनों एक-दूजे को चूमते दिखे। अंशुला ने तस्वीरों के साथ अपनी और रोहन की लव स्टोरी शेयर की है।

कैसे हुई पहली मुलाकात और बात

अंशुला ने लिखा है, हमारी मुलाकात एक एप पर हुई थी। मंगलवार को 1.15 बजे अचानक बात करना शुरू किया। हम उस सुबह 6 बजे तक बातें करते रहे और किसी तरह, तब भी, ऐसा लगा कि किसी ऐसी चीज की शुरुआत हो रही है, जो मायने रखती है। तीन साल बाद, मेरे पसंदीदा शहर में, सेंट्रल पार्क में महल के सामने उसने मुझे प्रपोज किया! ठीक 1.15 बजे भारती समय पर। किसी तरह दुनिया ने उस पल को जादू जैसा महसूस करने के लिए बस इतना समय रोका।

2022 से रिलेशनशिप में अंशुला-रोहन

अंशुला ने आगे लिखा है, रोहन का प्यार बस एक शांत तरह का प्यार, जो घर जैसा लगता है। मैं कभी भी परियों की कहानियों में विश्वास करने वाली लड़की नहीं रही... लेकिन रोहन ने मुझे उस दिन, जो दिया वह बेहतर था, क्योंकि यह जानबूझकर किया गया था। सोच-समझकर। उसने प्रपोज किया और मैंने हां कह दिया। आंसू, कांपती हंसी और उस तरह की खुशी के साथ, जिसे मैं शब्दों में बयां नहीं कर सकती, क्योंकि 2022 से, यह हमेशा तुम ही हो।

अंशुला ने आगे लिखा है, मैं अपने सबसे अच्छे दोस्त से सगाई कर रही हूं! मेरा सबसे सुरक्षित ठिकाना। मेरा अपना। मेरा पसंदीदा शख्स, पसंदीदा शहर और अब, मेरा पसंदीदा हां! अंशुला ने आगे लिखा है, हमारी पहली मुलाकात बर्गर के प्यार के ईर्द-गिर्द थी, इसलिए सगाई के बाद पहला मील। अंशुला को फैंस बधाईयां दे रहे हैं।



# वीर पहाड़िया को डेट कर रही हैं तारा सुतारिया?



तारा सुतारिया और वीर पहाड़िया इन दिनों अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में हैं। खबरें हैं कि दोनों एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। हाल ही में दोनों स्टार्स की लेटेस्ट सोशल मीडिया पोस्ट्स के बाद डेटिंग की खबरें और भी तेज हो गई हैं। हालांकि, इस मामले में तारा और वीर की तरफ से अब तक कोई रिएक्शन सामने नहीं आया है। वीर पहाड़िया ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक पोस्ट शेयर की, जिसमें वह इटली के एक यॉट पर पोज देते हुए नजर आ रहे थे। उनके पीछे एक बड़ा सा पहाड़ दिखाई दे रहा था। इसके कुछ ही देर बाद तारा सुतारिया ने भी अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक तस्वीर शेयर की, जिसमें पहाड़ और समुद्र का खूबसूरत नज़ारा दिखाई दे रहा था। इन दोनों पोस्ट्स के सामने आने के बाद फैंस कयास लगाने लगे कि तारा और वीर साथ में वेकेशन पर गए हैं।

बता दें, इससे पहले वीर पहाड़िया और तारा सुतारिया ने लैक्मे फैशन वीक के दौरान एक साथ रैंप वॉक किया था। इसके बाद दोनों को एक पॉश रेस्टोरेंट में डिनर करते हुए स्पॉट किया गय। यहीं से दोनों के डेटिंग रूमर्स की शुरुआत हो गई।

### बादशाह के साथ भी जुड़ चुका है तारा का नाम


बता दें, रियलिटी शो 'इंडियन आइडल 15' के सेट से बादशाह और तारा सुतारिया के बीच डेटिंग की खबरें शुरू हुईं। जब शिल्पा शेट्टी ने मजाकिया अंदाज में तारा सुतारिया का नाम लेकर बादशाह को चिढ़ाया था। इस पर रैपर शर्मा गए, जिसके बाद से सोशल मीडिया पर कयास लगाए जाने लगे कि तारा और बादशाह एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं।

### 2023 में हुआ था तारा और आदर का ब्रेकअप

बता दें, तारा सुतारिया ने पहले एक्टर आदर जैन को डेट किया था। दोनों चार साल तक रिलेशनशिप में रहे थे। हालांकि, साल 2023 में दोनों का ब्रेकअप हो गया था। इसके बाद आदार ने अलेखा आडवाणी के साथ शादी कर ली थी, जो पहले तारा की बेस्ट फ्रेंड थीं।

### सारा अली खान को भी डेट कर चुके हैं वीर

महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री सुशील कुमार शिंदे के नाती वीर पहरिया सारा अली खान को डेट कर चुके हैं। 2018 में एक मैगजीन को दिए इंटरव्यू में सारा अली खान ने इस रिश्ते को लेकर खुलकर बात की। सारा ने इंटरव्यू में कहा था, वह (वीर) इकलौता लड़का है, जिसे मैंने डेट किया है। उनके अलावा मेरी जिंदगी में कोई ब्वॉयफ्रेंड नहीं रहा।



# मैं इंडिया और हिंदी फिल्मों को बहुत मिस करती हूं

बॉलीवुड की 'देसी गर्ल' और अब हॉलीवुड की सुपरस्टार बन चुकी प्रियंका चोपड़ा के दिल की बात एक बार फिर खुलकर सामने आई है। भले ही वो हॉलीवुड में लगातार झंडे गाड़ रही हों, लेकिन उनका दिल अब भी भारत और बॉलीवुड के करीब ही है। हाल ही में एक इंटरव्यू में उन्होंने खुद स्वीकार किया कि उन्हें बॉलीवुड की बहुत याद आती है और इस साल वो भारत में एक नई फिल्म की शूटिंग भी शुरू करेंगी। प्रियंका चोपड़ा ने अपनी हालिया हॉलीवुड फिल्म 'हेड्स ऑफ स्टेट' के प्रमोशन के दौरान जब भारतीय मीडिया से बात की, तो उन्होंने खुलकर अपनी बात कही। प्रियंका ने बातचीत करते हुए कहा, 'मैं हिंदी सिनेमा को बहुत मिस करती हूं और भारत को भी।' इस बयान ने उनके चाहने वालों के दिलों में उम्मीद जगा दी है कि वो जल्द बड़े पर्दे पर एक बार फिर देसी अंदाज में नजर आएंगी।

### एस एस राजामौली की फिल्म से होगी वापसी

प्रियंका भारत में जिन प्रोजेक्ट्स को लेकर उत्साहित हैं, उनमें सबसे बड़ा नाम निर्देशक एस.एस. राजामौली की आगामी फिल्म SSMB29 का है। इस मेगा बजट फिल्म में उनके साथ साउथ के सुपरस्टार महेश बाबू और पृथ्वीराज सुकुमारन जैसे सितारे नजर आएंगे। रिपोर्ट्स की मानें तो ये एक माइथोलॉजिकल थ्रिलर होगी, जिसकी शूटिंग इस साल की शुरुआत में ओडिशा में शुरू भी हो चुकी है।

### जी ले जरा में भी करेंगी धमाल?

इसके अलावा, प्रियंका फरहान अख्तर की मच अवेटेड फिल्म 'जी ले जरा' में भी नजर आ सकती हैं। इस फिल्म में उनके साथ आलिया भट्ट और कैटरीना कैफ को भी कास्ट किया गया है। हालांकि फिल्म की शूटिंग डेट्स को लेकर काफी उथल-पुथल चल रही है, लेकिन मेकर्स अब भी इस प्रोजेक्ट को लेकर आशावान हैं।

### रामायण करने से किया इनकार

प्रियंका को नितेश तिवारी की भव्य फिल्म रामायण के लिए भी अप्रोच किया गया था। लेकिन खबरों के मुताबिक, उन्होंने इस प्रोजेक्ट को मना कर दिया क्योंकि उनके पास पहले से इंटरनेशनल कमिटमेंट्स हैं। इससे साफ है कि प्रियंका फिलहाल अपने शेड्यूल को संतुलित रखते हुए बॉलीवुड में वापसी की योजना बना रही हैं।

### फैंस में जगी उम्मीद

प्रियंका के इस बयान के बाद सोशल मीडिया पर उनके फैंस में खुशी की लहर दौड़ गई है। 'देसी गर्ल' को फिर से भारतीय पर्दे पर देखने की उम्मीदें अब और प्रबल हो गई हैं। बता दें प्रियंका चोपड़ा आज ग्लोबल लेवल पर एक बड़ा नाम बन चुकी हैं, लेकिन उनका दिल आज भी भारत में ही बसता है। उनके बयान से साफ है कि वो अपने रूट्स को नहीं भूलीं और जल्द ही हिंदी सिनेमा में अपनी वापसी से एक बार फिर तहलका मचाने को तैयार हैं।

# 'मेट्रो इन दिनों' ऑफर होने पर चौंक गई थीं कोंकणा



**फिल्में चुनने में बेहद सजग और अपनी अलग सोच के लिए पहचानी जाने वाली एक्ट्रेस कोंकणा सेन शर्मा जल्द ही अनुराग बसु की फिल्म 'मेट्रो इन दिनों' में नजर आ रही हैं। खास बातचीत में कोंकणा ने न सिर्फ इस फिल्म को लेकर अपने अनुभव साझा किए, बल्कि अपने करियर, सोच और निर्देशन के सफर पर भी बेबाकी से बात की।**

जब अनुराग का कॉल आया कि वो मेट्रो इन दिनों बना रहे हैं और मुझे उसमें कास्ट करना चाहते हैं, तो मैं चौंक गई। मुझे नहीं पता था कि वो लाइफ इन अ मेट्रो जैसी किसी फिल्म पर दोबारा काम कर रहे हैं। लेकिन जैसे ही उन्होंने स्क्रिप्ट का जिक्र किया तो दिल से बस एक ही बात निकली- हां। इससे पहले मैंने कभी किसी सीक्वल में काम नहीं किया था और वो भी अनुराग दा के साथ? तो ये मेरे लिए किसी तोहफे से कम नहीं था।

### 17 साल बाद अनुराग बसु के साथ दोबारा काम करने का अनुभव कैसा रहा?

अनुराग दा के साथ काम करना किसी पुरानी दोस्ती में फिर से लौट जाने जैसा था। ना वो बदले, ना मैं। हां, हमारे जीवन में जरूर बदलाव आए। अब मेरा बेटा 14 साल का हो गया है। लेकिन हमारी सोच, जुड़ाव और काम का तरीका, सब वैसा ही रहा। उनके साथ काम करना हमेशा बहुत सहज होता है।

### पंकज त्रिपाठी जैसे कलाकार के साथ पहली बार स्क्रीन साझा करना कैसा रहा?

पंकज त्रिपाठी के साथ ये मेरी पहली फिल्म थी, और कहना होगा- वो जितने अच्छे एक्टर हैं, उतने ही अच्छे इंसान भी हैं। स्क्रिप्ट में जो ह्यूमर था, उसे वो अपने अंदाज से और भी जिंदा कर देते हैं। उनके साथ काम करते हुए कभी कोई बनावटीपन महसूस नहीं होता। ऐसा लगता है जैसे किसी पुराने दोस्त से बात हो रही हो। उनके अभिनय में जो गहराई और सच्चाई है, वो काबिले-तारीफ है।

### आपने स्क्रीन पर हमेशा गंभीर और गहराई से भरे किरदार निभाए हैं। क्या कभी टाइपकास्ट महसूस किया?

कई बार लोगों ने कहा कि मैं सीरियस किरदार ही ज्यादा करती हूं और शायद करियर की शुरुआत में ही मैं टाइपकास्ट भी हो गई थी। लेकिन बेटे के जन्म के बाद जैसे किरदार मिले, वो ज्यादा अधूरे और असली थे। अब मैं ऐसी महिलाओं का रोल करना पसंद करती हूं जो गलतियां करती हैं और कमजोर हैं क्योंकि वो असली हैं।

### आपने फिल्में भी डायरेक्ट की हैं। एक महिला डायरेक्टर के तौर पर कैसी चुनौतियों का सामना किया?

डायरेक्शन की बात करूं तो, मुझे कभी किसी भेदभाव का सामना नहीं करना पड़ा। शायद इसलिए क्योंकि मैं पहले से एक जानी-पहचानी एक्ट्रेस थी, लेकिन मेरी फिल्म का विषय थोड़ा असहज था। शायद इसी वजह से कुछ लोग उससे पूरी तरह जुड़ नहीं पाए। फिर भी, मैंने वही फिल्म बनाई जो मैं बनाना चाहती थी, बिना किसी समझौते के। हां, मैं मानती हूं कि इस इंडस्ट्री में और भी ज्यादा महिलाओं को आना चाहिए- डायरेक्शन, लेखन, कैमरा, एडिटिंग हर जगह। क्योंकि जब औरतें कहानियां कहती हैं तो उसमें एक नया नजरिया, गहराई और खास किस्म की ताजगी आती है।


# राम बनाम रावण की अमर कहानी रामायण का हिस्सा बनने पर गर्व है



बॉलीवुड अभिनेता सनी देओल ने डायरेक्टर नितेश तिवारी की आने वाली बड़ी फिल्म रामायण में अपने किरदार भगवान हनुमान को लेकर अपने विचार और अनुभव साझा किए हैं। सनी ने फिल्म को लेकर सोशल मीडिया पर अपनी खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि यह उनके लिए सम्मान की बात है कि वह ऐसी कहानी का हिस्सा बन रहे हैं, जिसने कई पीढ़ियों को प्रभावित किया है। एक्टर ने इंस्टाग्राम पर फिल्म का पहला प्रोमो वीडियो शेयर करते हुए लिखा, मुझे गर्व है कि मैं इस कहानी का हिस्सा हूं, जिसने कई पीढ़ियों को बनाया है। स्वागत है नमित मल्होत्रा की रामायण की दुनिया में, जो राम बनाम रावण की अमर कहानी है। मैं आभारी हूं कि मुझे इस रास्ते पर चलने और आप सबके साथ इसे साझा करने का मौका मिला।

उन्होंने लिखा, आइए इस खास पल को मिलकर मनाएं और साथ में वर्ल्ड ऑफ रामायणा की दुनिया में कदम रखें। यह हमारी सच्चाई है। हमारा इतिहास है। बता दें कि गुरुवार को मेकर्स ने रामायण का प्रोमो वीडियो शेयर किया, जिसमें रावण के अवतार में केजीएफ फेम सुपरस्टार यश की झलक देखने को मिली। वीडियो की शुरुआत भगवान ब्रह्मा, विष्णु और शिव के शक्तिशाली चित्रण से होती है, जो पूरे ब्रह्मांड को चलाते हैं। फिर एनिमेशन के जरिए मुख्य पात्रों को दिखाया जाता है -भगवान श्रीराम के रूप में रणबीर कपूर, माता सीता के किरदार में साई पल्लवी और रावण की भूमिका में यश।

इस प्रोमो वीडियो को शेयर करते हुए मेकर्स ने लिखा, दस साल की मेहनत और लगन के बाद, हमने दुनिया के सामने सबसे महान महाकाव्य रामायण को लाने का सपना पूरा किया है। इस फिल्म को बनाने में दुनिया के बेहतरीन लोगों ने मिलकर काम किया है, ताकि रामायण को आदर और सम्मान के साथ दिखाया जा सके। आपका स्वागत हैज आइए मिलकर राम बनाम रावण की अमर कहानी का जश्न मनाएं। फिल्म में लक्ष्मण का रोल रवि दुबे निभा रहे हैं और सनी देओल भगवान हनुमान के किरदार में नजर आएंगे। वहीं, रकुल प्रीत सिंह शूर्पणखा के रोल में हैं। काजल अग्रवाल मंदोदरी और लारा दत्ता कैकई की भूमिका निभाएंगी। अरुण गोविल इसमें राजा दशरथ बने हैं। फिल्म सिर्फ एक भाग में नहीं, बल्कि दो हिस्सों में रिलीज होगी। पहला भाग दिवाली 2026 में आएगा और दूसरा भाग 2027 की दिवाली पर रिलीज होगा। रामायण को नमित मल्होत्रा के प्राइम फोकस स्टूडियोज और आठ बार ऑस्कर जीत चुके वीएफएक्स स्टूडियो डीएनईजी प्रोड्यूस कर रहे हैं। फिल्म में रावण का किरदार निभाने के साथ-साथ यश सह-निर्माता भी हैं। फिल्म करीब 835 करोड़ रुपए के बजट से तैयार हुई है, जिससे यह अब तक की सबसे महंगी भारतीय फिल्म मानी जा रही है। इस फिल्म को लेकर दर्शकों में जबरदस्त उत्साह है और सभी बेसब्री से इसके रिलीज होने का इंतजार कर रहे हैं।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः **जितेन्द्र चौधरी**, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in